राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 278, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 21 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

जनसंपर्क/नुक्कड़ सभा के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर दिया जोर .... पेज 03

झांसी : आठ लाख से अधिक की लूट को अंजाम देने वाले युवा, पुलिस के शिकंजे में .... पेज 05

बेजोड़ है शाहरुख, उनके साथ काम करना सबसे सुखद : गंभीर .... पेज 07

## वित्त मंत्री बोलीं- हम इलेक्टोरल बॉन्ड फिर से लाएंगे

### कांग्रेस बोली- और कितना लूटेंगे; सुप्रीम कोर्ट ने स्कीम को असंवैधानिक बताया था

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के चुनाव में जीतने के बाद सरकार बनने पर चुनावी बॉंड योजना जारी रखने को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जनता से लूट की अपनी योजना को जारी रखना चाहती है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां जारी एक बयान में कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि यदि भाजपा सत्ता में लौटती है तो वह इलेक्टोरल बॉंड वापस लाएगी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए अवैध घोषित कर दिया है। हम जानते हैं कि भाजपा ने पे-पीएम घोटाले में जनता के चार लाख करोड़ रुपए रुपए लूटे हैं। वे इस लूट को जारी रखना चाहती है।

उन्होंने कहा, पे पीएम के चार तरीकों को याद कीजिए- प्रीपेड रिश्वत- चंदा दो,धंधा लो; पोस्टपेड रिश्वत-ठेका दो,रिश्वत लो; प्री-पेड और पोस्ट-पेड रिश्वत का कॉस्ट कुल मिलाकर- 3.8 लाख करोड़ रुपए। पोस्ट रेड रिश्वत - हफ़्ता वसूली, रेड



के बाद रिश्वत का कॉस्ट 1,853 करोड़ रुपए, फ़र्ज़ी कंपनियां - मनी लॉन्ड्रिंग, फ़र्ज़ी कंपनियों का कॉस्ट-419 करोड़ रुपए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, सोचिए, यदि वे जीतते हैं और इलेक्टोरल बॉंड को फिर से बहाल करते हैं, तो इस बार वे कितना लूटेंगे। हमारे जीवनकाल में भारत का यह सबसे महत्वपूर्ण चुनाव है।

शुक्र है कि यह भ्रष्ट ब्रिगेड सत्ता से बाहर जा रहा है ज़मीनी रिपोर्ट्स से ऐसा बिल्कुल स्पष्ट रूप से नज़र आ रहा है।

#### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- कंपनियों की ओर से की गई फंडिंग व्यापार

सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। शीर्ष कोर्ट ने स्कीम को असंवैधानिक करार दिया था। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था, पॉलिटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है, जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है। सुप्रीम कोर्ट ने सबसे ज्यादा चंदा देने वाली कंपनियों पर कहा था- किसी एक व्यक्ति की ओर से दिए गए चंदे के मुकाबले किसी कंपनी की ओर से की गई फंडिंग का राजनीतिक प्रक्रिया पर ज्यादा असर हो सकता है।

## भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे हैं मोदी : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार को जिस तरह बढ़ावा दे रहे हैं उससे यही लगता है कि वह खुद भ्रष्टाचार का स्कूल चल रहे हैं।

गांधी ने कहा नरेंद्र मोदी देश में 'भ्रष्टाचार का स्कूल' चला रहे हैं जहां 'व्यापक भ्रष्टाचार विज्ञान' विषय के तहत 'चंदे का धंधा' समेत हर एक चैप्टर वह खुद डिटेल में पढ़ा रहे हैं।

उन्होंने मोदी सरकार की भ्रष्टाचार के तरीके का खुलासा करते हुए कहा जैसे छापा डालकर चंदे की वसूली कैसे होती है। चंदा लेकर ठेका कैसे बांटा जाता है। भ्रष्टाचारियों को धुलने वाली वाशिंग मशीन कैसे काम करती है। एजेंसियों को वसूली एजेंट बनाकर 'बेल और जेल' का खेल कैसे होता है।

गांधी ने कहा 'भ्रष्टाचारियों का अड्डा' बन चुकी भाजपा ने अपने नेताओं के लिए इस 'क्रैश कोर्स' को अनिवार्य कर दिया है, जिसकी कीमत देश चुका रहा है इंडिया गठबंधन की सरकार, भ्रष्टाचार के इस स्कूल पर ताला लगा कर इस कोर्स को हमेशा के लिए बंद कर देगी।

## डीडी न्यूज के लोगो का रंग लाल से नारंगी हुआ

### टीएमसी ने कहा- दूरदर्शन का भगवाकरण हुआ, ये प्रसार भारती नहीं, प्रचार भारती है

नई दिल्ली। पब्लिक ब्रॉडकास्टर दूरदर्शन ने अंग्रेजी चैनल डीडी न्यूज के लोगो का रंग लाल से बदलकर नारंगी कर दिया है। इस पर तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और प्रसार भारती के पूर्व ष्टश्वह्र जवाहर सरकार ने कहा कि दूरदर्शन का भगवाकरण हो गया है। अब ये प्रसार भारती नहीं, प्रचार भारती हो गया है।

16 अप्रैल को दूरदर्शन ने सोशल मीडिया ङ्ग पर नया प्रमोशनल वीडियो शेयर किया। इसके कैप्शन में लिखा- हालांकि हमारे मूल्य वही हैं, अब हम




एक नए अवतार में उपलब्ध हैं। ऐसी समाचार यात्रा के लिए तैयार हो जाएं जो पहले कभी नहीं देखी गई। बिल्कुल नए डीडी न्यूज का अनुभव करें। डीडी न्यूज - भरोसा सच का।

#### प्रसार भारती के सीइआ बोले- रंग नारंगी है, भगवा नहीं

प्रसार भारती के वर्तमान सीइआ गौरव द्विवेदी ने द इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा- लोगो का रंग नारंगी है न कि भगवा। सिर्फ लोगो में ही बदलाव नहीं हुआ है, बल्कि हमने डीडी के पूरे लुक और फील को अपग्रेड किया गया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोग इस बारे में अर्नगल टिप्पणी कर रहे हैं। हम पिछले छह-आठ महीने से डीडी के लुक और फील को बदलने पर काम कर रहे थे।

वहीं यूपीए सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री रह चुके कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा- दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलना सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने का सरकार का प्रयास है। ऐसे कदम देश के पब्लिक ब्रॉडकास्टर की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं।




बेंगलुरु में चल रहे लोकसभा चुनावों के लिए मतदान करने का आग्रह करने वाली तख्तियां लिए छात्र मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लेते हुए।

### ईपीएफओ ने फरवरी में 15.48 लाख सदस्य जोड़े

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ इस वर्ष फ़रवरी में 15.48 लाख सदस्य जोड़े हैं जिनमें महिला सदस्यों की संख्या लगभग 3.08 लाख रही है। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि फरवरी , 2024 के दौरान लगभग 7.78 लाख नए सदस्यों को नामांकित किया गया है इनमें 18-25 आयु वर्ग के कर्मचारियों की संख्या अधिक है जो कुल जोड़े गए सदस्यों का 56.36 प्रतिशत है। संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं और मुख्य रूप से पहली बार नौकरी पाने वाले हैं। आंकड़ों के अनुसार 11.78 लाख सदस्य बाहर निकल गए और बाद में ईपीएफओ में फिर से शामिल हो गए। इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए और अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने के बजाय अपनी जमा राशि को स्थानांतरित करने का विकल्प चुना।

## एमपी-छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र समेत 12 राज्यों में हीटवेव

### तापमान 43 अगले 3-4 दिन हालात ऐसे ही रहेंगे; 17 राज्यों में आज बारिश का अनुमान

नई दिल्ली। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार (20 अप्रैल) को 12 राज्यों में हीटवेव (लू) चलेगी। इनमें बिहार, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखंड, गुजरात और तमिलनाडु शामिल हैं। यहां हीटवेव की स्थिति 3 से 4 दिनों तक जारी रहेगी।

इन राज्यों के 17 शहरों में शुक्रवार को दिन का तापमान 43 डिग्री के करीब दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने 17 राज्य में बारिश का अनुमान भी लगाया है। इनमें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक शामिल हैं।



#### 21 अप्रैल : मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने का अनुमान

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड में तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने का अलर्ट है।

ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा में हीटवेव चलेगी।

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी में तेज गर्मी का पड़ेगी।

असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में तेज बारिश होगी।

अरुणाचल प्रदेश में हल्की बारिश का अनुमान है।

#### 22 अप्रैल : पश्चिम बंगाल-ओडिशा में हीटवेव का अलर्ट

ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, माहाराष्ट्र, असम में बिजली गिरने और धूलभरी आंधी का अनुमान है।

अरुणाचल प्रदेश में तेज बारिश का अनुमान है।

पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा में हीटवेव चलेगी।

केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी में तेज गर्मी का पड़ेगी।

#### 23 अप्रैल : मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में धूलभरी आंधी, बिहार में हीटवेव

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय और तेलंगाना में धूलभरी आंधी चलेगी।

हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और आंध्र प्रदेश में बिजली गिरने का अनुमान है।

अरुणाचल प्रदेश में तेज बारिश होगी।

## बाइक को बचाने के चक्कर में ट्रक में घुसी कार

### गाड़ी के उड़े परखच्चे, चार युवकों की मौत; उदयपुर जा रहे थे

दूदू। जयपुर के अजमेर की ओर जा रही एक क्रेटा कार अनकंट्रोल होकर सड़क किनारे खड़े ट्रोले से जा टकराई। हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। मामला दूदू जिले में एनएच 48 पर स्थित ट्रक स्टैंड का है। शाम साढे 5 बजे जयपुर से अजमेर की तरफ जा रही क्रेटा गाड़ी बाइक सवार के बीच में आने से अनकंट्रोल होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई।

धमाके की आवाज सुनकर आसपास की दुकानदार क्रेटा गाड़ी में फंसे हुए लोगो को बचाने के लिए दौड़े। इस हादसे में कार सवार तीन लोगो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक सवार ने जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल ले जाते समय



बीच रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना के बाद दूदू सीआई इंद्र प्रकाश घटना स्थल पहुंचे। गाड़ी में फंसे हुए शवों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। पुलिस ने चारों शवों को दूदू उप जिला हॉस्पिटल की मोर्च्युरी में रखवाया है।

दूदू सीआई इंद्र प्रकाश यादव ने बताया कि शनिवार शाम 5-30 बजे एक क्रेटा में सवार तीन लोग जयपुर से उदयपुर जा रहे थे। इस दौरान दूदू पावर हाउस के सामने आगे चल रहे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर सर्विस रोड पर खड़े ट्रक के पीछे कार जा घुसी। हादसे में गाड़ी में सवार अशोक काबरा (45) निवासी उदयपुर, विकास चांदक (48) निवासी निंबाहेड़ा और निर्मल रांका निवासी निंबाहेड़ा की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार मुकेश वैष्णव निवासी केरिया खुर्द को घायल हालत में दूदू जिला अस्पताल से जयपुर रेफर किया गया। जहां रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने चारों के शवों को दूदू सीएचसी की मोर्च्युरी में रखवाया है। मृतक के मोबाइल से मिली डिटेल से परिजनों को सूचना दी गई है। एसएचओ इंद्र प्रकाश ने बताया कि परिजनों के आने पर रविवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## कांग्रेस ने ओडिशा से तीन,पश्चिम बंगाल से एक लोकसभा सीट के उम्मीदवार किए घोषित

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने ओडिशा से लोकसभा के लिए तीन तथा पश्चिम बंगाल से एक सीट का उम्मीदवार आज घोषित किया। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन सभी सीटों के उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। उन्होंने बताया की ओडिशा की क्योंझर (एसटी) सीट से विनोद बिहारी नायक को पूर्व में घोषित प्रत्याशी मोहन हम्ब्राम की जगह नया उम्मीदवार बनाया गया है जबकि राज्य की संबलपुर सीट से दुलालचंद प्रधान तथा अस्का से देवोकांत शर्मा को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

## कर्नाटक में कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या

### लड़की के पिता और भाजपा ने लव जिहाद बताया, सिद्धारमैया बोले- हत्या निजी कारणों से की गई

बेंगलुरु। कर्नाटक के हुबली में कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी के मर्डर केस को भाजपा ने लव जिहाद का मामला बताया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि इस घटना के पीछे लव जिहाद का एंगल है। कांग्रेस के शासन में कानून व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो गई है।

उधर, लड़की के पिता ने भी घटना को लव जिहाद का मामला बताया। उन्होंने दावा किया कि आरोपी ने उनकी बेटी को फंसाने की योजना बनाई थी। वे उसे धमकी दे रहे थे, लेकिन हमारी लड़की ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने लव जिहाद के दावों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह हत्या निजी कारणों से की गई है



और राज्य में कानून व्यवस्था बिल्कुल दुरुस्त है। दरअसल, कर्नाटक के हुबली स्थित बीवीबी कॉलेज कैंपस में गुरुवार (18 अप्रैल) को कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की 23 साल की बेटी नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। नेहा एमसीए फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थीं। उसी कॉलेज के एक ड्रॉपआउट स्टूडेंट फैयाज खोंडुनाईक (23) ने नेहा के गले, पेट सहित शरीर पर चाकू से 7 वार किए। हमले में फैयाज को भी चोटें आईं। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां नेहा को मृत घोषित कर दिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें फैयाज नेहा पर हमला करता हुआ दिखा।

#### लड़की के पिता बोले- यह लव जिहाद नहीं है तो क्या है?

लड़की के पिता निरंजन हिरेमथ ने कहा, मैं मांग करता हूं कि बाकी लोगों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। अगर यह लव जिहाद नहीं है तो क्या है ? लव जिहाद के लिए वे अच्छे परिवारों की लड़कियों को निशाना बनाते हैं। उनका जल्द से जल्द एनकाउंटर किया जाना चाहिए या फांसी दी जानी चाहिए।

## महानदी नाव हादसा, सभी 8 शव निकाले गए

### छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा में पलटी थी नाव; सुरक्षित बचे 50 ग्रामीणों को बस से किया गया रवाना

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की सीमा से लगे ओडिशा के रेंगाली थाना क्षेत्र के शर्धा महानदी घाट पर नाव पलटने से 8 लोगों की मौत हो गई।

एक महिला राधिका निषाद का शव शुक्रवार को ही बरामद कर लिया गया था बाकी 7 लोगों के शव शनिवार को बरामद किया गया। 8वां शव घसनीन राठिया का निकाला गया है। महानदी में शनिवार सुबह से ही रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

गोताखोरों के साथ भुवनेश्वर से पहुंचे स्कूबा डाइवर्स की टीम खोजबीन में जुटी हुई थी। इस बीच सुबह करीब 8.20 बजे 7 साल के पीकू राठिया, निवासी अंजोरीपाली, ब्लॉक खरसिया का शव बरामद किया गया।



इसके बाद गोताखोरों ने दो शव और निकाले। जिनमें एक महिला राधिका राठिया और एक बच्चे नवीन राठिया का भी शव मिला।

इसके अलावा लक्ष्मी राठिया, कुणाल राठिया, तेरसबाई राठिया के शव भी मिले। वहीं, सुरक्षित बचे 50 ग्रामीणों को बस से उनके गांव रवाना किया गया है।

कोतरलिया के पूर्व सरपंच मिनकेतन प्रधान ने बताया कि रायगढ़ के ग्राम कोतरलिया निवासी गंगाराम लोहर के घर खरसिया से करीब 50 लोग आए थे। जहां से सभी लोग पिकअप, मार्शल और कार से शर्धा पथरसेनी मंदिर में पूजा करने जा रहे थे।

**सड़क हादसा**

### मैनपुरी में ट्रक ने खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर

## भीषण सड़क हादसे में 4 महिलाओं की मौत, 25 लोग घायल

मैनपुरी। मैनपुरी के भोगांव में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 25 लोगों के घायल है। बताया जा रहा है कि ट्रक ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। ट्रॉली में 29 लोग सवार थे, जो नामकरण संस्कार से शामिल होकर लौट रहे थे। रास्ते में ये हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। घटना भोगांव थाना क्षेत्र ह ॥34 द्वारिकापुरी कट की है।

कन्नौज के थाना छिबरामऊ क्षेत्र में स्थित गांव कुंवरपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की पुत्री की थाना बिछ्वां के गांव बेलधारा में शादी हुई है। उनकी बेटी ने 10 दिन पहले बेटे को जन्म दिया था। शुक्रवार को उसका नामकरण संस्कार था। वीरेंद्र सिंह अपने परिवारीजनों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली से गांव बेलधारा गए थे।

#### सड़क किनारे ट्रैक्टर खड़ाकर सही कर रहे थे लाइट

शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठकर वापस घर लौट रहे थे। भोगांव क्षेत्र में द्वारकापुर के पास ट्रैक्टर की लाइट खराब हो गई। चालक ने ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और



लाइट की मरम्मत करने लगा। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पलट गई।

#### 25 लोग घायल

ट्रॉली में बैठी फूलमती (48) पत्नी अवधेश, रमाकांति (45) पत्नी दफेदार, संजय देवी (42) पत्नी राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 25 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां द्रोपदी देवी (56) पत्नी विशुन दयाल ने भी दम तोड़ दिया। 11 गंभीर घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। सभी मृतक और घायल गांव कुंवरपुर छिबरामऊ के निवासी हैं।

#### रात भर डीजे पर डांस हुआ...सुबह हो गया हादसा

घायलों ने बताया कि बेलधारा गांव में बच्चे के नामकरण संस्कार कार्यक्रम गए थे। मंगल गीतों पर रात भर दावत और नृत्य कार्यक्रम चला। महिलाओं ने मंगल गीत गाए, डीजे पर जमकर डांस हुआ। हम लोग सुब 3-30 बजे घर के लिए निकले थे। द्वारिकापुरी कट के पास ट्रैक्टर की लाइट बंद हो गई। ड्राइवर ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा करा लाइट सही कर रहा था। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।

सीओ सुनील कुमार सिंह ने भोगांव पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। घटना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पाकर बेलधारा और कुंवरपुर से बड़ी संख्या में लोग मैनपुरी पोस्टमॉर्टम हाउस पर पहुंच गए। ट्रक चालक मौके से फरार है। उसका पता लगाया जा रहा है।

## शार्ट न्यूज

### रैना ने कठुआ-उधमपुर क्षेत्र में भारी मतदान के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष रवीन्द्र रैना ने शनिवार को कठुआ-उधमपुर-डोडा संसदीय क्षेत्र में भारी मतदान के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि भाजपा जम्मू-रियासी संसदीय सीट रिकॉर्ड मतों के अंतर से जीतेगी। रैना ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उधमपुर-डोडा-कठुआ संसदीय क्षेत्र में भारी मतदान करने के लिए सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री रैना के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंद्र गुप्ता, पूर्व मंत्री सत शर्मा, पूर्व विधायक बलवंत सिंह मनकोटिया और अन्य लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन खराब मौसम के बावजूद सभी जिलों में लोगों ने भारी संख्या में मतदान किया। उन्होंने कहा कि खराब मौसम में इतना मतदान मतदाताओं की प्रतिबद्धता को साबित करता है, जिन्होंने 70 प्रतिशत से अधिक वोट डाले। उन्होंने कहा कि दूर-दराज के इलाकों से आए लोगों ने मतदान में उत्साहपूर्वक भागीदारी दिखाई। उन्होंने कहा, लोगों ने भाजपा के पक्ष में बड़े पैमाने पर मतदान किया है और पार्टी इन सभी क्षेत्रों में आगे चल रही है।

### देश विरोधी तत्वों को बाहर निकालने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियान तेज करें : बिरदी

श्रीनगर। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरदी ने शनिवार को अधिकारियों से तकनीकी सूचना के साथ-साथ मानव खुफिया जानकारी एकत्र करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया, ताकि देश विरोधी तत्वों को बाहर निकालने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज किया जा सके। बिरदी ने जिला पुलिस प्रमुखों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और सेना में उनके समकक्षों के साथ संभावित आतंकवादी गतिविधियों को विफल करने के लिए मौजूदा रणनीतियों का गंभीर मूल्यांकन करने और उन्हें बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने दक्षिण कश्मीर के अवंतीपोरा में आयोजित पुलिस, सेना और सीआरपीएफ अधिकारियों की एक संयुक्त सुरक्षा बैठक में यह बात की। बैठक में सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए रणनीति तैयार की गई। गौरतलब है कि दक्षिण कश्मीर की अनंतनाग लोकसभा सीट पर चुनावी पारा चढ़ गया है। यहां पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। दक्षिण कश्मीर में इस महीने गैर स्थानीय लोगों पर दो हमले हुए हैं।

### कर्नाटक को 'जिहादी देश' कहे जाने पर विवादों में घिरे विपक्ष के नेता

बेंगलुरु। कर्नाटक में विपक्ष नेता आर अशोक के राज्य को 'जिहादी देश' कहे जाने के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। अशोक ने शुक्रवार को कर्नाटक में सत्तारुढ़ पार्टी के खिलाफ आरोपपत्र जारी करने के बाद संवाददाताओं से कहा, जब से सिद्दारमैया सरकार सत्ता में आयी है, कर्नाटक एक जिहादी देश बन गया है और हिंदुओं के जीवन को कम महत्व दिया गया है। उन्होंने डीजे हल्ली दंगों से संबंधित मामलों को वापस लेने और कुकर बम मामले में संदिग्धों को बरी करने के सरकार के प्रयास का हवाला देते हुए कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति में संलिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कथित तौर पर न्याय और सार्वजनिक सुरक्षा पर अपने वोट बैंक को प्राथमिकता देने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। अशोक ने हत्याओं में 31 प्रतिशत की वृद्धि, डकैतियों में 41 प्रतिशत की वृद्धि और पिछले वर्ष में 17 हजार साइबर अपराध के मामलों के पंजीकरण का हवाला देते हुए अपराध दर में उल्लेखनीय वृद्धि की ओर इशारा किया। कर्नाटक में 28 लोकसभा सीटों के लिए दो चरणों में मतदान होगा, दूसरे और तीसरे चरण में 26 अप्रैल तथा सात मई को मतदान होगा।

### बारिश से अनाज मंडी में हजारों क्विंटल गेहूं भीगा



फतेहाबाद। हरियाणा के फतेहाबाद में शनिवार बारिश के कारण अनाज मंडी में रखी हजारों क्विंटल गेहूं की ढेरियां और बोरियां भीग गयीं। पिछले एक सप्ताह से भी उठान कार्य में तेजी नहीं आने के कारण किसानों और व्यापारियों की गेहूं खुले आसमान के नीचे रखी हुई थी। शुक्रवार मंडी में जगह नहीं होने के कारण गेहूं की ढेरियां अनाज मंडी के बाहर सड़क किनारे लगानी पड़ी थी। पहले से मौसम खराब होने का अलर्ट होने के बावजूद प्रशासन उठान कार्य में तेजी लाने में नाकाम रहा। उठान की गति इतनी धीमी है कि पिछले एक सप्ताह में मात्र 14.11 प्रतिशत गेहूं का ही उठान किया गया है। आढ़ती रामनिवास, राजेंद्र कुमार, योगेश कुमार, जगदीश कुमार आदि ने बताया कि व्यापारियों द्वारा बार-बार उठान कार्य में तेजी करवाने की गुहार प्रशासन से लगायी जा रही थी, मगर अधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया। उठान कार्य का ठेका लेने वाले ठेकेदारों के पास पर्याप्त गाड़ियां भी नहीं है। इसी कारण अलसुबह हुई बारिश से हजारों क्विंटल गेहूं भीग गयी है।

### मुर्मु छह मई को शिमला दौरे पर आयेंगी

शिमला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की शिमला यात्रा की योजना में बदलाव किया गया है, अब मुर्मु छह मई को यहां आयेंगी। राष्ट्रपति भवन ने जैसा की इसकी पुष्टि की है। मुर्मु अब छह मई को शिमला आयेंगी, जबकि पहले प्रस्तावित तिथि 30 अप्रैल थी। इस समायोजन के आलोक में सरकार ने अद्यतन कार्यक्रम के अनुसार तैयारी शुरू कर दी है। शिमला के छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति के आवास 'द रिट्रीट' में भी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जब भी राष्ट्रपति हिमाचल प्रदेश का दौरा करती हैं, तो वह 'द रिट्रीट' में रुकती हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रपति मुर्मु ने पिछली गर्मियों में भी शिमला का दौरा किया था। इस बार एक बार फिर उनके सम्मान में एट होम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुर्मु हिमाचल दौरे के दौरान सीयू के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। इसके अतिरिक्त, उनका धर्मशाला जाने का कार्यक्रम है, जहां वह केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। हालांकि राष्ट्रपति का वानिकी विश्वविद्यालय सोलन के दीक्षांत समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। प्रारंभ में, राष्ट्रपति भवन के अस्थायी कार्यक्रम में उनकी शिमला यात्रा 30 अप्रैल से 05 मई तक निर्धारित की गई थी।

# हाईस्कूल में तनिश, इंटर में निधि ने किया नोएडा टॉप

## तनिश को 95.83 प्रतिशत और निधि को 93.88 प्रतिशत मार्क्स मिले

**नोएडा।** यूपी बोर्ड की 10वी और 12वीं परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है। जिसके बाद स्कूलों में कंप्यूटर पर छात्र-छात्राओं को परीक्षा का परिणाम दिखाया जा रहा है। इस बाद गौतमबुद्ध नगर में 10वीं में कुल 22 हजार 828 छात्र छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें से 21 हजार 554 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। वहीं 20 हजार 501 छात्र-छात्राएं पास हुआ। परीक्षा परिणाम 95.11 त्न रहा। पिछले साल 10वीं में परीक्षा परिणाम 93.03 प्रतिशत रहा। इस बार दो प्रतिशत और बेहतर परिणाम रहा।

इस बार गौतबुद्ध नगर में तनिश ने टॉप किया है। तनिश को 95.83 प्रतिशत अंक मिले है। तनिश एसडीएस इंटर कॉलेज नवादा दनकौर का छात्र है। वहीं दूसरे स्थान पर योगेंद्र है। योगेंद्र को 95.17 प्रतिशत अंक मिले है। वो डाल चंद शर्मा मिथिलेश देवी ज्ञान दीप इंटर कॉलेज का स्टूडेंट है।

वहीं तीसरे स्थान पर खुशी कुमारी बीआर इंटर कॉलेज नोएडा की छात्रा है। खुशी ने 94.83 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं 12वीं की परीक्षा में इस बार 191709 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। 18554 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी।

वहीं 15764 छात्र-छात्राओं पास हुए। इस बार का परीक्षा परिणाम 84.96 प्रतिशत रहा। वहीं विगत साल 12वीं में 82.14 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। इस बार 12वीं में निधि रानी ने जिला टॉप किया।

निधि ने 93.88 प्रतिशत अंक हासिल किए। वे मिहिर भोज गर्ल्स इंटर कॉलेज की स्टूडेंट है। वहीं दूसरे स्थान पर नीरज सोलंकी रहे।

नीरज ने 93.40 प्रतिशत अंक हासिल किए। नीरज शिवराज शर्मा इंटर कॉलेज का छात्र है।

### वाहन चालकों को डेढ़ माह तक चुभेगा जाम का दर्द

नोएडा। एलिवेटेड रोड पर जारी मरम्मत कार्य की वजह से चालकों को करीब डेढ़ माह तक जाम से जूझना पड़ेगा। नोएडा प्राधिकरण कई चरणों में मरम्मत कार्य करेगा। ट्रैफिक पुलिस इस रास्ते से रोजाना गुजरने वाले करीब पांच लाख वाहनों के आवागमन सुगम करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस चालकों करे एलिवेटेड रोड के बजाय वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करने की सलाह दे रही है। दरअसल, कालिंदी कुंज, डीएनडी, ग्रेटर नोएडा से नोएडा एक्सप्रेसवे और फिल्म सिटी से होकर गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और सेक्टर-62 की ओर जाने वाले वाहन चालकों के लिए करीब साढ़े पांच किमी नोएडा एलिवेटेड रोड का निर्माण कराया गया था। रोड के सेक्टर-18 से 60 की ओर जाने वाले कैरिज्वे की मरम्मत का कार्य जारी है। फिलहाल सेक्टर-60 से 18 के कैरेज्वे पर वाहन फर्राटा भर रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सेक्टर-18 से 60 के बीच निर्माण कार्य पूरा होने के बाद दूसरी तरफ सेक्टर-60 से 18 के बीच रोड को बंद कर मरम्मत का काम शुरू कराया जाएगा।

# बकाया 6400 करोड़, वसूली केवल 168 करोड़

एजेंसी

नोएडा। अमिताभ कांत कमेटी की सिफारिशों के लागू होने के बाद केवल 19 बिल्डरों ने नोएडा प्राधिकरण में 168 करोड़ रुपये जमा कराए हैं। जबकि 57 बिल्डरों पर छूट के बाद 6400 करोड़ रुपये की देनदारी बन रही है। जिन बिल्डरों ने पैसे जमा कराए हैं उन पर ज्यादा बकाया नहीं था। वहीं, सिफारिशों के लागू होने के बाद अब तक केवल 325 रजिस्ट्री हुई है।

अहम है नोएडा प्राधिकरण से वार्ता के बाद 42 बिल्डरों ने बकाया जमा कराने के लिए सहमति दी थी। इनमें से 19 ने ही पैसे जमा कराए। बाकी के 23 बिल्डरों ने बगैर पैसे जमा कराए प्राधिकरण के पैकेज पर साइन कर दिए हैं।

जबकि अभी भी नोएडा के 15 बिल्डरों के साथ प्राधिकरण के पैकेज पर साइन करने के बाबत सहमति नहीं बन पाई है। इनमें से पांच ऐसे हैं जो कि प्राधिकरण से वार्ता कर चुके हैं। पैकेज साइन करने पर सहमति भी दे चुके हैं। लेकिन वार्ता के बाद अब आनाकानी कर रहे हैं।

### पूरी हो चुकी परियोजनाओं का कुल बकाया 8000 करोड़

नोएडा की 57 पूरी हो चुकी और अधूरी परियोजनाओं पर 8000 करोड़ बकाया है। इनको कोविड काल की छूट देने के बाद करीब 20 प्रतिशत राशि कम हो रही है। ऐसे में छूट के बाद बकाये की राशि 6400 करोड़ रुपये होगी। वहीं अगर अधूरी परियोजनाओं का भी बकाया जोड़ दिया जाए तो कुल बकाया 28 हजार करोड़ बनता है। लेकिन इनमें से अधिकांश मामले कोर्ट में हैं। यूनिटेक पर ही अकेले करीब 9 हजार करोड़ का बकाया है। ऐसे ही नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में 17 परियोजनाएं हैं। बाकी परियोजनाएं दूसरी कोर्ट में हैं।

# नोएडा में कार से 4.53 लाख का कैश बरामद

नोएडा। काली कमाई को कोई लोकसभा चुनाव में न खपा सके इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस जिला प्रशासन की अन्य टीमों के साथ मिलकर व्यापक स्तर पर चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में टीमों ने चेकिंग करते हुए शनिवार को चिल्ला बॉर्डर के पास एक होंडा इमेज कार के अंदर से 4 लाख 53 हजार 800 रुपए का कैश बरामद किया। कार सवार सेक्टर-47 निवासी जितेंद्र बोहरा कैश में संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। ऐसे में टीमों ने रकम को कोष में जमा करा दिया।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को भी कैश की बरामदगी के संबंध में जानकारी दे दी गई है। फेज वन थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस की टीमें चिल्ला बॉर्डर दिल्ली से नोएडा मार्ग पर बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही हैं ताकि कोई भी मानक से ज्यादा नकदी लेकर सफर न कर सके। लोकसभा चुनाव के कारण देशभर में आचार संहिता लगी हुई।

ऐसे में चुनाव को प्रभावित करने वाले धन, शराब और गिफ्ट देने के पैतरे को नाकाम करने के लिए पुलिस प्रशासन बेहद सक्रिय है। अगर कोई 50 हजार रुपए से ज्यादा की नगदी अपने साथ लेकर निकलता है तो पुलिस के शिकंजे में फंस सकता है।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर की गई टेस्टिंग

## जेवर एयरपोर्ट के रनवे से गुजरा विमान, केबिन से बनाया गया वीडियो

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की गुरुवार को टेस्टिंग की गई। इस दौरान रनवे के ऊपर से पहला विमान गुजारकर देखा गया कि यहां लगे इक्विपमेंट्स ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं, साथ ही यह भी परखा गया कि यह एयरपोर्ट परिचालन के लिए कितना तैयार है।

इसके लिए बीचक्राफ्ट किंग एयर बी-300 ने गुरुवार को आसमान में उड़ान भरी, जिसका वीडियो अब सामने आया है। बताया जा रहा है कि परीक्षण के बाद दिसंबर 2024 में एयरपोर्ट चालू हो सकेगा। इसके बाद साल 2026 में 94 लाख से लेकर 1.17 करोड़ यात्री इस एयरपोर्ट के जरिये



आवागमन कर सकेंगे।

### फ्लाइट के केबिन से बनाया गया वीडियो

दरअसल, ग्रेटर नोएडा के जेवर में बन रही नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान भरने का एक वीडियो भी सामने आया है। इसे फ्लाइट के केबिन से बनाया गया है। इसमें देखा जा सकता है कि किस तरह से फ्लाइट आसमान से उड़ते हुए रनवे के ऊपर से गुजर रहा है। यह नजारा अपने आप में बहुत दिलचस्प लग रहा था। कैलिब्रेशन फ्लाइट के माध्यम से एयरपोर्ट के रनवे की सुरक्षा व्यवस्था की जांच-पड़ताल की गई।

### कॉमर्शियल फ्लाइट्स को चलाने से पहले कैलिब्रेशन फ्लाइट टेस्ट किया जाता है

बताते चलें कि कैलिब्रेशन फ्लाइट नेविगेशन ऐड, रनवे पर लाइट की व्यवस्था और एयरस्पेस के प्रशिक्षण के लिए होती है। कॉमर्शियल फ्लाइट्स को चलाने से पहले कैलिब्रेशन फ्लाइट टेस्ट किया जाता है। सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर यह जानकारी दी गई है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने एक्स पर लिखा, 'नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर साफ और धूप वाले दिन ने डीवीओआर कैलिबरेशन फ्लाइट के लिए बेहतरीन मंच प्रदान किया, जो ऐसी तमाम उड़ानों में से पहली उड़ान है। बीचक्राफ्ट किंग एयर बी300 ने आसमान में उड़ान भरी, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि एयरपोर्ट अथॉरिटी आफ इंडिया (एएआई) के सभी उपकरण बाधारहित तरीके से काम कर रहे हैं।' इस वीडियो को इस तरह से बनाया गया है, जिसे देखने के बाद ऐसा लगेगा कि आप भी केबिन में पायलट के साथ हों।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर नींद की झपकी के कारण भीषण-हादसा

## एक ट्रक के चालक हुई मौत, गाजियाबाद से पलवल जाते वक्त हुआ हादसा

जेवर। नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। आगे चल रहे एक ट्रक से पीछे से दूसरा ट्रक टकरा गया। बताया जाता है कि अचानक ब्रेक लगने के कारण पीछे आ रहे ट्रक की टक्कर हो गई। भीषण हादसे में पीछे के ट्रक का चालक केबिन में फंसकर गम्भीर रूप से घायल हो गया।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस और एक्सप्रेसवे कर्मियों ने घायल को रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बाहर निकालकर ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर



दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है

### नींद की झपकी आने के कारण हुआ हादसा

पुलिस ने बताया कि यूपी के जौनपुर के सिकरारा थाना क्षेत्र के बडोली अहिरान गांव निवासी विजेंद्र यादव(48) कई काफी वर्षों से ट्रक चलाते थे। वह ट्रक लेकर गाजियाबाद की तरफ से पलवल की तरफ जा रहे थे। शुक्रवार की रात करीब डेढ़ बजे जब उनकी गाड़ी ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर दनकौर क्षेत्र में पहुंची तो आगे चल रहे अन्य ट्रक के चालक ने नींद की झपकी आने के कारण अचानक ब्रेक लगा दिए।

### चालक अपनी गाड़ी के केबिन में फंस गया

इस दौरान पीछे चल ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। इसके चलते चालक विजेंद्र यादव अपनी गाड़ी के केबिन में फंस गया। हादसे के बाद आरोपी चालक अपने ट्रक को मौके पर छोड़कर से फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दो। जिसके बाद घायल को ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है की पीड़ित परिवार की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने मांगी 2013 से नोएडा प्राधिकरण में तैनात रहे अधिकारियों की सूची

नोएडा। सुप्रीम कोर्ट ने बीते सोमवार को गेझा तिलपताबाद के किसानों को दिए गए अतिरिक्त मुआवजे मामले में सुनवाई के दौरान 1 जनवरी 2013 के बाद नोएडा प्राधिकरण में तैनात रहे अफसरों की सूची मांगी है। कोर्ट ने यूपी सरकार और नोएडा प्राधिकरण को कई निर्देश भी दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 6 मई को होगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने सुनवाई के दौरान यूपी सरकार और नोएडा प्राधिकरण से ऐसे दो या तीन मामलों का मूल रिकॉर्ड पेश करने को कहा। जिसमें अधिक मुआवजा देने के आरोप हैं। इसके अलावा कोर्ट ने 20 अन्य किसानों के मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने ज्यादा मुआवजा मिलने के आरोपी किसानों को अंतरिम राहत देते हुए अगली सुनवाई तक किसी तरह का एक्शन नहीं लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अगले आदेश तक उनके खिलाफ जांच पर भी रोक लगा दी है। जिन मामलों में कोर्ट ने पहले से राहत दी है उस पर राहत जारी रहेगी। कोर्ट ने अपने आदेश में यूपी सरकार और नोएडा प्राधिकरण को दो सप्ताह का समय दिया है। इस अवधि में मांगी गई जानकारी कोर्ट को उपलब्ध करानी होगी। दरअसल, गेझा तिलपताबाद मामले में प्राधिकरण के अधिकारी वीरेंद्र नागर को निलंबित कर दिया गया था। मामले में कई अन्य अधिकारी भी निलंबित हुए हैं। वहीं प्राधिकरण ने इन अधिकारियों और कुछ किसानों के खिलाफ एफआईआर कराई है।

### पहले चरण के चुनाव के बाद जलपाईगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला

जलपाईगुड़ी। लोक सभा चुनाव के पहले चरण का मतदान समाप्त होने के बाद पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में सत्तारूढ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने कई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं की घरों पर हमला किया और हमले में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

बंगाल में इससे पहले भी पंचायत चुनाव में जलपाईगुड़ी के संन्यासीकाटा ग्राम पंचायत में व्यापक अशांति की घटना हुई थी। उस समय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) कार्यकर्ताओं पर हमले के आरोप लगे थे। बड़े पैमाने पर मतपत्र लूटने के आरोप भी सामने आए थे।

शुक्रवार को लोक सभा चुनाव के पहले चरण में संन्यासीकांटा ग्राम पंचायत के बूथ संख्या 18/126 में मतदान के बाद भी यहां कुछ ऐसी ही तस्वीर देखने को मिली। मतदान ख़त्म होने के बाद उपद्रव शुरू हो गया। कथित तौर पर इस बार निशाने पर भाजपा कार्यकर्ता थे।

# नेहा हत्याकांड : कर्नाटक के गृह मंत्री ने मांगी माफी

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक में एमसीए की छात्रा नेहा हीरेमथ की हत्या के मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने उसके माता-पिता से अपनी पिछली टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है।

डॉ. परमेश्वर ने शनिवार को यहां कहा, अगर मेरे बयान से नेहा के माता-पिता की भावनाएं आहत हुयी हैं, तो मुझे गहरा खेद है। गृह मंत्री की शुरुआती टिप्पणियों में नेहा और आरोपी फैयाज के बीच 'रोमांटिक



रिश्ते' होने का संकेत दिया गया था, जिससे विवाद खड़ा हो गया था और इसकी कड़ी आलोचना हुयी थी।

फैयाज की मां मुमताज ने भी नेहा के शोक संतप्त परिवार से सार्वजनिक माफी मांगी है और अपराध में अपने बेटे की कथित भूमिका के लिये गहरा पश्चाताप व्यक्त किया है।

इन घटनाक्रमों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये नेहा की मां गीता ने कहा, उनसे मेरी बेटी को वापस लाने के लिए कहें।

मैं अपनी बेटी का इंतजार कर रही हूं, आरोपियों को सजा मिलनी चाहिए; उसे फांसी दी जानी चाहिए, हम अपनी बेटी को जानते हैं, दोनों के बीच कोई रिश्ता नहीं था। क्या हमारी बेटी को नहीं पता था कि वह किस धर्म से है? हमने हमेशा एक साथ समय बिताया और उसने मेरे साथ सब कुछ साझा किया। नेहा के पिता ने लगातार इस मामले को लव जिहाद के रूप में संदर्भित किया है।

उल्लेखनीय है कि हुबली शहर के कॉलेज परिसर में नेहा की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी घटना के बाद छात्रों ने तेजी से कार्रवाई करते हुये फैयाज का पीछा करके उ से पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया था।

इस घटना के बाद लोग नेहा के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं।

# पंजाब में दो ड्रोन, साढ़े तीन किलोग्राम हेरोइन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी के एक और नापाक प्रयास को विफल करते हुये पंजाब के जिला फिरोजपुर, अमृतसर और फाजिल्का से दो ड्रोन और तीन किलो 430 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को बीएसएफ खुफिया इकाई को जिला फिरोजपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में खेप के साथ एक ड्रोन की उपस्थिति के बारे में सूचना मिली। इस पर बीएसएफ जवानों ने संदिग्ध क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। तलाशी में फिरोजपुर जिले



के जंगीर सिंह की ढाणी गांव से सटे एक खेत से संदिग्ध हेरोइन के तीन पैकेट बरामद हुये, जिनमें कुल दो किलो 710 किलोग्राम के साथ एक ड्रोन बरामद किया गया। पैकेट नीले रंग के बैग में रखे हुए थे। ड्रोन में एक छोटी टॉर्च और एक चमकदार हरे रंग की छोटी सी गेंद भी लगी हुई मिली।

इससे पहले शुक्रवार को बीएसएफ के जवानों ने खुफिया इकाई की सूचना पर कार्रवाई करते हुये अमृतसर जिले के नेस्था गांव से सटे एक खेत से एक पैकेट संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन - 500 ग्राम) के साथ एक ड्रोन को बरामद किया था। पैकेट को पीले चिपकने वाले टेप में लपेटा गया था और ड्रोन से एक छोटी टॉर्च भी जुड़ी हुयी मिली।

बरामद दोनों ड्रोन की पहचान चीन निर्मित डीजेआई मैट्रिक्स 300 आरटीके के रूप में की गयी है।

बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को बीएसएफ खुफिया इकाई को फाजिल्का जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नशीले पदार्थों की खेप की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। बीएसएफ जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुये संदिग्ध इलाके में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। पूर्वाह्न लगभग 1150 बजे, सैनिकों ने संदिग्ध हेरोइन के तीन पैकेट (कुल वजन - 2.220 किलोग्राम) सफलतापूर्वक बरामद किये। पैकेट काले रंग के थैले में रखे हुये थे

तथा थैले में तीन ग्लो स्टिक भी लगी हुयी मिलीं। यह बरामदगी फाजिल्का जिले के ढाणी नत्था सिंह वाला गांव से सटे एक खेत में हुयी।

### चुनाव ड्यूटी के दौरान शहीद हुये जवान की अंत्येष्टि

झुंझुनू। असम के गुवाहाटी में चुनाव ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से शहीद हुये झुंझुनू जिले के जवान का अंगपाल जांगिड का शनिवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। जवान का 19 साल के दिव्यांग पुत्र को चिता के पास लाया गया। तिरंगे में लिपटे पिता पर फूल माला चढ़ाने के बाद पुत्र हाथ जोड़ फूट-फूटकर रो पड़ा। जिले के पिलानी क्षेत्र के बनगोठड़ी गांव के 40 वर्षीय जांगिड़ सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में 162 बटालियन में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात थे। वह छत्तीसगढ़ में पदस्थ थे।

# घरों में सेंध लगाने वाले दिल्ली के दंपत्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड के नैनीताल जिले के लालकुआं में पुलिस ने फेरी के नाम पर बंद घरों में सेंध लगाने के आरोप में दिल्ली के एक दम्पति को गिरफ्तार कर उनके पास से लाखों का माल भी बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 04 मार्च और 18 अप्रैल को लालकुआं के डूंगरपुर और हल्दुचौड़ के दुर्गापालपुरम में दो बंद घरों में चोरों ने सेंध लगा कर सोने के जेवरात और कीमती सामान पर हाथ साफ कर लिया था। पीड़ित हेम चंद्र जोशी और चंदन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये हल्दूचौड़ चौकी के प्रभारी गौरव जोशी की अगुवाई में एक टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम ने चोरी के आरोप में दिल्ली की एक पति-पत्नी मुनेन्द्र सिंह यादव और अनुष्का निवासी ए-76, गली नं0-10, चंदेर विहार, मंडावली, पूर्वी दिल्ली एवं हाल निवासी गोपी पुरम, हल्दूचौड़, लालकुआं, नैनीताल को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी फेरी लगाने के नाम पर दिन में ऐसे मकानों की तलाश कर लेते जिनमें ताले लटके होते थे। रात को दोनों पति-पत्नी बंद घरों सेंध लगा कर कीमती सामान या फिर जेवरात पर हाथ साफ कर लेते। आरोपी हल्दूचौड़ में किराया का घर लेकर यह धंधा कर रहे थे।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
रविवार 21 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### सिसोदिया ने वापस ली अंतरिम जमानत याचिका

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका वापस ली। सिसोदिया के वकील ने कहा अदालत नियमित जमानत पर फैसला कोर्ट सुरक्षित कर चुकी है, इसलिए वह अंतरिम जमानत की याचिका वापस ले रहे हैं। मनीष सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी। सिसोदिया की जमानत का विरोध करते हुए सीबीआई ने कहा पूरी सोसायटी आर्थिक अपराधों से पीड़ित है, इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक बार कहा था कि भ्रष्टाचार समाज के लिए कैंसर है, अगर जमानत दी गई तो सिसोदिया आगे की जांच और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। दिल्ली शराब नीति मामले में मनीष सिसोदिया की नियामित जमानत याचिका पर राउज ऐवन्यू कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा, 30 अप्रैल को फैसला सुनाएगा। सीबीआई ने कहा सिसोदिया घोटाले के किंगपिन हैं उनको जमानत नहीं दी जानी चाहिए, जमानत मिली तो सिसोदिया सबूतों से छेडछाड कर सकते हैं।

### 10वीं में टिमोथी, 12वीं में ध्रुव बने टॉपर

गाजियाबाद। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के नतीजे शनिवार को घोषित कर दिए। गाजियाबाद में 10वीं का रिजल्ट 94.29 प्रतिशत रहा। 10वीं में 30017 छात्र-छात्रा पंजीकृत थे। इसमें से 28534 ने परीक्षा दी। 26906 छात्र-छात्रा परीक्षा में पास हुए हैं। महर्षि दयानंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज के छात्र टिमोथी मंडल 96.83 प्रतिशत अंक लाकर 10वीं के जिला टॉपर बने हैं। दूसरे नंबर पर इसी कॉलेज के छात्र हर्ष पाल ने 96.50त्न अंक पाए हैं। तीसरे नंबर पर केएन मोदी कॉलेज मोदीनगर के छात्र आदित्य सिरोही ने 95.67 प्रतिशत अंक पाए हैं। 10वीं के टॉप-10 टॉपर लिस्ट में 5 लड़कियां और 11 लड़के शामिल हैं। 12वीं में रोज वैली पब्लिक स्कूल विजयनगर के छात्र ध्रुव चौहान 96.40 प्रतिशत अंक के साथ जिला टॉपर बने हैं। सरस्वती इंटर कॉलेज कविनगर के छात्र अंश ने 95.80 प्रतिशत अंक लाकर जिले में दूसरा स्थान पाया है। केएन मोदी कॉलेज मोदीनगर के छात्र विवेक कुमार, एस धरम इंटर कॉलेज के छात्र अंकुश और महर्षि दयानंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज के छात्र आर्यन शर्मा ने 12वीं में जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

### आप-कांग्रेस गठबंधन की औपचारिक घोषणा

नई दिल्ली। मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव में कांग्रेस के पार्षद आप को समर्थन देंगे। शनिवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कम्युनिकेशन हेड अनिल भारद्वाज ने इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने पार्टी के सभी पार्षदों से विचार-विमर्श करने के बाद यह निर्णय लिया है। भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली का 90 फीसदी क्षेत्र निगम के अंतर्गत आता है, इसलिए विपक्ष में रहकर मूकदर्शक बने रहने की जगह कांग्रेस ने सत्ता पक्ष के साथ जाने का निर्णय लिया है। मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव 26 अप्रैल को होंगे। कांग्रेस पार्षद मेयर पद के उम्मीदवार महेश खींची और डिप्टी मेयर उम्मीदवार रविन्द्र भारद्वाज का सदन में समर्थन करेंगे। प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नगर निगम प्रभारी जितेन्द्र कुमार कोचर व निगम में कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश मौजूद रहीं। इस अवसर पर कम्युनिकेशन विभाग के वाइस चेयरमैन अनुज आत्रेय और पूर्व निगम पार्षद शोएब दानिश भी मौजूद रहे।

### छत पर अवैध रूप से चल रहे तीन कैफे सील

नई दिल्ली। स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस और अग्नि अनापत्ति प्रमाणपत्र लिए बिना छत पर अवैध रूप से चलाए जा रहे तीन कैफे को एमसीडी की टीम ने शनिवार को सील कर दिया। तीनों कैफे करोल बाग जोन में नारायणा औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 में एक ही इमारत की छत पर चलाए जा रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि मैसर्स मून मिस्ट कैफे, मैसर्स टोमा टीना कैफे, मैसर्स ताम्बूला बाय बुहू लोगों की जान को जोखिम में डालकर चलाए जा रहे थे, जिन्हें सील किया गया। निगम की टीम अवैध रूप से चलने वाले कैफे आदि की लगातार पहचान कर कार्रवाई कर रही है। जरूरी लाइसेंस और सुरक्षा संबंधी अनुमति नहीं होने पर ये न केवल निगम की ओर से स्थापित मानदंडों का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि इन प्रतिष्ठानों में आने वाले लोगों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी हो रहा है, इसलिए सार्वजनिक सुरक्षा का ध्यान रखते हुए इन अवैध कैफे को सील किया गया है। निगम अधिकारियों ने कहा है कि यह कार्रवाई सभी व्यवसायों और प्रतिष्ठानों के लिए एक सख्त संदेश है कि लाइसेंसिंग नियमों और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### 26 अप्रैल तक बनवा सकते हैं वोट

**गुरुग्राम।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे अहम कड़ी मतदाता हैं। मताधिकार के लिए 18 साल से अधिक आयु के नागरिक के पास वोटर आईडी कार्ड होना जरूरी है। इसलिए अभी भी किसी नागरिक का वोटर कार्ड नहीं बना है तो तुरंत अपना वोटर कार्ड बनवाए, ताकि चुनाव में मत का प्रयोग कर सके। नागरिक 26 अप्रैल, 2024 तक अपना वोट बनवा सकते हैं। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि पात्र व्यक्ति अपने क्षेत्र के संबंधित बीएलओ, निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के पास फॉर्म-6 भरकर वोट बनवा सकते हैं। यह फॉर्म मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, विभाग की वेबसाइट सीईओहरियाणा.जीओवी.इन पर उपलब्ध है, जो डाउनलोड किया जा सकता है। वोट बनवाने के लिए दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, अपने निवास और आयु प्रमाण पत्र के साथ ऑफलाइन या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वोट बनवाने से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर- 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

### ग्रीन बेल्ट से हटाया जाएगा अतिक्रमण

गुरुग्राम। शुक्रवार को सेक्टर 37 डी में जीएमडीए की अतिक्रमण हटाओ टीम ने ग्रीन बेल्ट पर बने अनधिकृत निर्माण का निरीक्षण किया। इसको लेकर बीपीटीपी की सोसाइटी के आरडब्ल्यूए ने शिकायत की थी। यहां ग्रीन बेल्ट पर फलों की दुकान, ढाबे आदि बना दिए गए थे। आरडब्ल्यूए की शिकायत थी कि इन दुकानों के कारण यहां कई तरह की अनधिकृत गतिविधियां हो रही हैं और शरारती तत्वों के जमावड़े को बढ़ावा मिल रहा है। यह सोसाइटी में रहने वालों की सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक साबित हो सकता है। डीटीपी आरएस बाठ ने कब्जाधारियों को चेतावनी दी है कि ग्रीन बेल्ट से कब्जे को हटाया जाएगा। डीटीपी आरएस बाठ, एटीपी मांगेराम, एटीपी सतेंद्र आर्य, कार्य योजना अधिकारी वंशुल की टीम ने इसका दौरा किया। उन्होंने कहा कि जमीन विवादित है या जीएमडीए की है, इसकी जांच के बाद अतिक्रमण हटा दिया जाएगा।

### पूर्व वैज्ञानिक की बहन का फ्लैट में मिला शव

साहिबाबाद। कोतवाली क्षेत्र के लाजपतनगर स्थित जी ब्लॉक में शुक्रवार रात पूर्व वैज्ञानिक की बहन गीता (39) का शव फ्लैट में फर्श पर पड़ा मिला। भाई काफी देर से बहन के शव के पास बैठे थे। पड़ोसी की सूचना पर पुलिस और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। भाई को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। लाजपतनगर में रहने वाले किशोर कुमार नैयर (49) करीब पांच साल पहले साउथ अफ्रीका में वैज्ञानिक थे। नौकरी छूटने के बाद वह अपनी बहन गीता (39) के साथ फ्लैट में रहते हैं जबकि दूसरी बहन दीपा राजेंद्रनगर सेक्टर तीन में परिवार के साथ रहती हैं ।शुक्रवार रात करीब 9ः00 बजे दीपा ने पड़ोसी को छोटी बहन गीता से बात करने के लिए फोन किया। कुछ देर बाद पड़ोसी उनके फ्लैट पर पहुंचे और दरवाजा खोलने के लिए खटखटाया तो भाई और बहन ने काफी देर तक कोई जवाब नहीं दिया। शक होने पर पड़ोसी ने धक्का मारकर दरवाजा खोला तो सामने फर्श पर गीता का शव पड़ा हुआ था, जबकि उसके पास रखे बेड पर किशोर बैठे हुए थे। पड़ोसी ने किशोर से घटना के बारे में पूछने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने कुछ नहीं बताया। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना तुरंत फोन से दीपा को दी। दूसरी तरफ डायल 112 पर पुलिस को मामले की सूचना दी गई। महिला की हत्या की सूचना पर अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।

# सरकारी गवाह बनने के बाद सरथ रेड्डी ने भाजपा को दिया 50 करोड़ : संजय सिंह

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को आरोप लगाया कि तथाकथित शराब घोटाले के मुख्य आरोपी सरथ रेड्डी ने सरकारी गवाह बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा )को 50 करोड़ रुपए दिए। 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज यहां कहा,शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक राष्ट्रीय टीवी चैनल पर सरे आम झूठ बोलकर देश की जनता को गुमराह किया और भाजपा पर रिश्वतखोरी के लगे आरोपों को छुपाने का प्रयास किया। जिस बात के सबूत पूरे देश और दुनिया के सामने आ गए हैं, उस बात को गृहमंत्री ने राष्ट्रीय टीवी चैनल पर नकार दिया और तथ्य को छुपाने का काम किया। सिंह ने कहा,"जिस सरथ रेड्डी को ईडी ने शराब घोटाले का मुख्य घोटालेबाज बताया, उसी ने भाजपा को 60 करोड़ रुपए की रिश्वत दी है। रिश्वत लेने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए




लेकिन गिरफ्तारी अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया की हो रही है। इन्होंने मुझे पकड़ कर छह महीने जेल में रखा। ईड ने 'आप' के नेताओं पर एक झूठा और बेबुनियाद मामला बनाकर पांच सौ जगहों पर छापे मारे। इसमें एक रुपए की बरामदगी न अरविंद केजरीवाल के घर से हुई और न ही मनीष सिसोदिया के घर से कोई संपत्ति के कागजात और पैसा नहीं मिला। इसके बाद भी एक झूठे केस में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया गया।

'आप' नेता ने सवाल किया, क्या देश में दोहरा कानून चलेगा? आम आदमी पार्टी के लिए बिना सबूत के कार्रवाई और भाजपा के खिलाफ सबूत सबके सामने होने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होगी।

यह तो अन्याय पूर्ण कार्रवाई है। देश के गृहमंत्री अपने इंटरव्यू में स्वीकार कर रहे थे कि उन्हें सब पता था, फिर इसके बाद उनकी पार्टी ने ऐसे व्यक्ति से रिश्वत कैसे ली? जिसे ईडी किंगपिन कह रही है वो उससे पैसे क्यों ले रहे हैं? हम सुप्रीम कोर्ट के आभारी हैं कि कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड की डीटेल जारी करने के आदेश दिए, तब जाकर पता चला कि शराब घोटाले में रिश्वत भाजपा ने खाई है।

सांसद ने भाजपा से पूछा,ईडी जिसे चार्जशीट में मुख्य घोटालेबाज बता रही है, उसी से रिश्वत ली, अबतक कितने लोगों की गिरफ्तारी हुई और कितनों से पूछताछ हुई। वहीं, हमारे नेताओं के घर से एक रुपए भी बरामद नहीं हुए लेकिन आपने उन्हें पकड़कर जेल में डाल दिया। जिस आदमी ने गिरफ्तारी के दौरान और गिरफ्तारी के बाद कुल 60 करोड़ रुपए दिए हैं, उसपर अबतक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? इसका मलतब आपने स्वीकार कर लिया कि आपने पैसा लिया है?

उन्होंने कहा, ये तथाकथित शराब घोटाला खुली किताब की तरह अब देश के सामने आ गया है। यह घोटाला कमलछाप दारू घोटाला है। यह घोटाला देश और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने किया है। भाजपा सिर से लेकर पांव तक शराब घोटाले में डूबी हुई है।

### केजरीवाल को इंसुलिन न देकर मारना चाहती है मोदी सरकार

आम आदमी पार्टी (आप) ने जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जीवन के साथ खिलवाड़ करने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि मोदी सरकार इन्सुलिन न देकर मुख्यमंत्री को मारना चाहती है। 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आज यहां कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में साफ-साफ कहा था कि श्री केजरीवाल को जेल में ग्लूकोज, केला, टॉफी आदि खाने की वस्तुएं उपलब्ध कराई जांए। मुख्य धारा की मीडिया ने सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को एक बार भी नहीं दिखाया, ताकि देश की जनता को सच पता चल सके और भाजपा की ईडी का झूठ उनके सामने आ सके। सिंह ने कहा, कुछ दिनों पहले ही मुख्यमंत्री का शुगर लेवल गिरकर 45 तक चला गया था। केजरीवाल 20 साल से इंसुलिन ले रहे हैं और पिछले 30 साल से शुगर के मरीज हैं।

आखिर यह सच देश की जनता से क्यों छिपाया जा रहा है?'आप' बार-बार यह कह रही है कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की श्री केजरीवाल के खिलाफ यह गहरी साजिश है और मुख्यमंत्री को जान से मारना चाहते हैं। शुगर जानलेवा बीमारी है, यह किसी की जान भी ले सकती है।

इसके मरीज को इंसुलिन न देना एक आपराधिक कृत्य है। उन्होंने कहा, यह सबको मालूम है कि शुगर के मरीज को समय पर इंसुलिन नहीं मिला या उसका शुगर घट गया, तो उसे तत्काल ग्लूकोज या कुछ मीठा खाने के लिए दिया जाना चाहिए, ताकि शुगर लेवल स्थिर रखा जा सके। अगर मरीज को तत्काल ग्लूकोज या कुछ मीठा खाने के लिए नहीं मिला तो उसके साथ कोई भी घटना हो सकती है।

# जनसंपर्क/नुक्कड़ सभा के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर दिया जोर





आज भारतीय जनता पार्टी दनकौर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्थानीय नागरिकों के साथ गाँव जुनेदपुर ,कनारसी, कनरसा, समसपुर व मुँहफाड़ आदि गांवों में जनसम्पर्क एवं नुक्कड़ सभा के माध्यम से गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के जनप्रिय प्रत्याशी डाक्टर महेश शर्मा को भारी बहुमत के साथ विजयी बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर गाँव जुनेदपुर में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नागर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है इतना ही नहीं डाक्टर महेश शर्मा के प्रयासों से संसदीय क्षेत्र के ज़ेवर में एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट व फ़िल्म सिटी सहित लगभग 2 लाख करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाएं निर्मित हो रही हैं।

इतना ही नहीं है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की क़ानून व्यवस्था आज एक माडल के रूप में उभरी है। नागर ने कहा कि डाक्टर महेश शर्मा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलते हैं और सबका सम्मान करते हैं इन सब बातों के दृष्टिगत हमारा भी यह फ़र्ज़ बनता है कि हम इस बार भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाकर इस बार पहले से भी कहीं अधिक मतों से विजयी बनाकर इस देश की संसद में भेजने का काम करेंगे।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नागर, अखिलेश नागर, सोनू वर्मा, शिवा नागर, मुन्नी भगतजी, संजय प्रधान, धीरज सिंह, जयबीर ख़ालीफ़ा, लखमी शर्मा, संजय सरपंच, ब्रह्म प्रधान, रविंद्र नागर, नरेंद्र नागर, आलोक, अखिलेश नागर, अमित नागर, सुमित नागर, अजीत अधाना, सुभाष नागर, कृष्ण बंसल, विनोद नागर, कोशिन्द्र नागर, राजकुमार कनारसी, शिवा नागर, बँटी नागर, भूपेन्द्र भगत जी, महेश चंद गौतम आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# तिहाड़ प्रशासन ने एलजी को सौंपी केजरीवाल की डाइट संबंधित रिपोर्ट

दिल्ली। तिहाड़ जेल प्रशासन ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की डाइट से संबंधित रिपोर्ट सौंप दी है। दो दिन पहले ही दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने डीजी से 24 घंटे के अंदर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिपोर्ट मांगी थी।

रिपोर्ट में कहा गया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तेलंगाना के निजी क्लीनिक से अपना इलाज करवा रहे थे। मांगने पर उन्होंने अपनी मेडिकल रिपोर्ट नहीं दिखाई। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में एग्जाम के दौरान लोक दवा खाने की सलाह दी गई थी। इसमें इंसुलिन की कोई बात ही नहीं कही गई। ऐसे में इंसुलिन न देने की बात ही नहीं आती।

उपराज्यपाल ने रिपोर्ट की मांग करते हुए दिल्ली के मंत्रियों और आप नेताओं के बयानों पर आधारित रिपोर्टों पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। रिपोर्ट में कहा था कि जेल में केजरीवाल को इंसुलिन नहीं दिया जा रहा। इस आरोप के बाद उपराज्यपाल ने जेल के डीजी से तथ्यात्मक और व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था। साथ ही, उन्होंने कहा है था कि जेल एक हस्तांतरित विषय के रूप में सीधे और पूरी तरह से दिल्ली सरकार के अधीन आता है। उपराज्यपाल ने आश्वासन दिया था कि सीएम के स्वास्थ्य के संबंध में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### एलजी को दी गई तिहाड़ की रिपोर्ट पर आप का बयान

दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने एलजी को दी गई तिहाड़ की रिपोर्ट पर कहा है कि इस रिपोर्ट से भाजपा की साजिश दिख गई है। कोई भी डॉक्टर बता देगा 300 शुगर लेवल खतरनाक होता है।

भाजपा के कहने पर केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश चल रही है। सीएम केजरीवाल को इंसुलिन देने में जेल प्रशासन को क्यों दिक्कत है। 12 साल से सीएम इंसुलिन ले रहे हैं। जेल जाने से पहले 50 यूनिट इंसुलिन रोज लेते थे।

### गाजियाबाद में स्क्रैप गोदाम में भीषण आग



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी में कबाड़ के गोदाम में शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई। गाजियाबाद और नोएडा की 10 दमकल गाड़ियां तड़के साढ़े तीन बजे से आग बुझाने में जुटी हैं। इस अग्निकांड में एक ट्रक सहित छह वाहन और गोदाम में रखा प्लास्टिक, रद्दी, लकड़ी जैसा कबाड़ का सामान जल गया है। गाजियाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी (ष्टस्नह्र) राहुल पाल ने बताया, रात करीब 3 बजकर 14 मिनट पर फायर स्टेशन वैशाली को आग की सूचना मिली। ये आग खोड़ा कॉलोनी में एसआर हॉस्पिटल के पास संडे मार्केट में खुले एरिया में बने एक कबाड़ गोदाम में लगी थी। तुरंत वैशाली से तीन, साहिबाबाद से दो और कोतवाली फायर स्टेशन से तीन गाड़ियां घटनास्थल पर रवाना की गईं। घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग तेजी से फैल रही थी। काला धुआं काफी तेज था। फायर यूनिट ने तुरंत हॉज पाइप फैलाकर फायर फाइटिंग शुरू की। आग की भयावता को देखते हुए जनपद गौतमबुद्धनगर से भी दो दमकल गाड़ियां बुलाई गईं। फिलहाल घटनास्थल पर कुल 10 दमकल गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। सीएफओ ने बताया कि ये आग काफी बड़े एरिया में लगी है। वहां पर कुछ वाहन भी खड़े हुए थे, जो आग की चपेट में आ गए हैं। जेसीबी की सहायता से जले हुए सामान को इधर उधर करके चारों तरफ से आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें अभी तक कोई जनहानि नहीं है।

# पांडव नगर में एक घर में मृत मिले दो बच्चे, मां दूसरे कमरे पड़ी थी अचेत

नई दिल्ली । दिल्ली के पांडव नगर स्थित शशि गार्डन में नाबालिग भाई-बहन की हत्या कर दी गई, जबकि इनकी मां पर जानलेवा हमला किया गया। मृतकों की शिनाख्त कार्तिक चौरसिया (15) और आस्था उर्फ गुन्नू (9) के रूप में हुई है। मां शन्नू चौरसिया (40) को एम्स में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक बनी हुई है।

हत्या के बाद से कार्तिक और आस्था का पिता श्यामजी चौरसिया फरार है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि श्यामजी ने ही वारदात को अंजाम दिया है। आशंका है कि दोनों बच्चों की गला दबाकर हत्या करने के बाद आरोपी ने किसी भारी वस्तु से इनकी मां पर वार किया। बाद में वह तीनों को मरा हुआ समझकर घर का बाहर से ताला लगाकर फरार हो गया। पुलिस श्यामजी की तलाश कर रही है।

क्राइम टीम के अलावा एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। कई टीमें बनाकर श्यामजी की तलाश की जा रही है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि दोनों बच्चों की हत्या बृहस्पतिवार रात या शुक्रवार सुबह की गई।

जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता का कहना है कि हत्या कैसे की गई इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगा। आरोपी के पकड़े जाने के बाद ही कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस की अलग-अलग टीमें मामले की जांच करने के अलावा आरोपी की तलाश कर रही हैं।

पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से यूपी के प्रतापगढ़ के पोस्ट मांधाता स्थित गांव अहिना निवासी श्यामजी चौरसिया दिल्ली में परिवार के साथ पांडव नगर के शशि गार्डन की गली नंबर-6 में रहता था। परिवार में पत्नी शन्नू चौरसिया के अलावा दो बच्चे कार्तिक और बेटी आस्था थे। श्यामजी मयूर विहार फेज-1 के पास चाय की दुकान चलाता है।

कार्तिक पास के सरकारी स्कूल में नौवीं और आस्था छठी कक्षा की छात्रा थी।

श्यामजी के चार अन्य भाई पांडव नगर और शशि गार्डन में अपने परिवारों के साथ रहते हैं। रिश्तेदार अमृतलाल ने बताया कि परिजन शुक्रवार सुबह से श्याम से संपर्क करने का प्रयास कर रहे थे।

शन्नू का मोबाइल बंद था, जबकि श्यामजी का फोन उठ नहीं रहा था। इस बीच शाम को श्यामजी का छोटा भाई रामजी दूसरी मंजिल स्थित भाई के फ्लैट पर पहुंचा। वहां बाहर से ताला लगा था। भाई ताला लगा देखकर लौट गया। शनिवार सुबह भी ऐसा ही हुआ। ताला लगा देखकर रामजी वापस लौट गया, लेकिन उसे घर से दुर्गंध आती हुई महसूस हुई।

कुछ गड़बड़ लगने पर दोपहर को रामजी दोबारा घर पहुंचा तो दुर्गंध और ज्यादा आ रही थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मेन गेट पर लगे ताले को तोड़ा और अंदर दाखिल हुई। अंदर लाइट और पंखे चल रहे थे। एक कमरे में कार्तिक और आस्था के शव पड़े थे। दूसरे कमरे में अचेत अवस्था में शन्नू पड़ी थी।

उसकी सांसें चल रही थी। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। फौरन उसे नजदीक के अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे एम्स रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। श्यामजी अपने घर से फरार है।

# चार साल की बच्ची की अपहरण के बाद हत्या

## बिस्कुट लेने के लिए घर से निकली थी, पत्थर से सिर कूचकर खंडहर में फेंका; रेप की आशंका

मोदीनगर। गाजियाबाद में नर्सरी की छात्रा का अपहरण करने के बाद भारी पत्थर से सिर कूच कर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद मासूम बच्ची का शव गांव के खंडहर बने मकान में रजाई में छिपाकर रख दिया। इसके बाद उसके ऊपर पत्थर की सील रख दी। आशंका जताई जा रही है कि हत्या से पहले मासूम के साथ दुष्कर्म हुआ हो। हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

थाना मुरादनगर के रावली सुराना मार्ग स्थित एक गांव निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं। उनकी चार साल की बेटी नर्सरी कक्षा में पढ़ती थी ,जबकि 6 माह का पुत्र भी है। शुक्रवार शाम चार बजे बच्ची बिस्कुट




लेने के लिए अपनी मां से दस रुपए लेकर घर से निकली थी।

जब वह 6 बजे तक अपने घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता और उसकी तलाश शुरू की। परिजनों ने सबसे पहले गांव मुनादी कराकर बच्ची की तलाश की गई। शाम सात बजे के आसपास डायल 112 पर बच्ची के लापता होने की सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद भी पुलिस गांव पहुंची और परिजनों की तलाश शुरू की। बच्ची की तलाश के लिए सोशल मीडिया पर भी अभियान चलाया गया। मुनादी होने के बाद सैकड़ों ग्रामीण बच्ची के घर पहुंच गए और परिजनों के साथ मिलकर उसकी तलाश शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात 8: 30 बजे के आसपास जब ग्रामीण खंडहर बने चुके मकान में पहुंचे तो एक रजाई पड़ी हुई और पर पत्थर रखा हुआ था। जब उसे हटाया तो बच्ची का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। ग्रामीण बच्ची को उठाकर स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए। वहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### पत्थर से सिर कूचलकर की गई हत्या

ग्रामीणों ने बताया कि जब बच्ची बिस्कुट लेने के लिए दुकान पर जा रही थी तो उसका अपहरण कर लिया गया। अपहरण करने के बाद बच्ची को खाली स्थान पर ले जाया और उसकी पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि आंशका जताई जा रही है कि हत्या करने से पहले बच्ची के साथ रेप भी किया गया हो गया। हालाकि इसकी पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगी।

### हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीण कर रहे हंगामा

बच्ची की हत्या की सूचना मिलते ही एसीपी मंसूरी सर्किल व थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के गांव में पहुंचते ही ग्रामीणों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि हत्यारोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाए। एसीपी ने जल्द घटना के खुलासे का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत कराया।

### पीजी कोर्सेज में दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू होने की संभावना

नई दिल्ली। दिल्ली के अंबेडकर विश्वविद्यालय (एयूडी) के 27 स्नातकोत्तर प्रोग्राम (पीजी) की 1200 सीटों पर दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू हो सकती है। पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन को ही स्वीकार किया जाएगा। विवि में पीजी के दाखिले सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) स्कोर के माध्यम से ही होंगे। जल्द ही बैठक कर दाखिले के शेड्यूल को भी अंतिम रूप दे दिया जाएगा। मालूम हो कि एनटीए की ओर से 11 मार्च से 28 मार्च तक सीयूईटी पीजी परीक्षा आयोजित की गई थी। सभी विश्वविद्यालयों से पीजी सीयूईटी के लिए करीब 4.62 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया था। डीयू में भी अगले सप्ताह पीजी कोर्सेज के लिए पंजीकरण शुरू किया जा रहा है। इसके बाद अब अंबेडकर विवि भी अगले सप्ताह ही पोर्टल खोलने की तैयारी कर रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन भी सीयूईटी रिजल्ट का इंतजार कर रहा था। बीते सप्ताह रिजल्ट जारी होने के बाद अब प्रशासन ने पोर्टल खोलने की तैयारी शुरु कर दी है। अगले सप्ताह एक बैठक कर पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने की रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। मालूम हो कि अंबेडकर विवि के तीन कैंपस (कश्मीरी गेट, कर्मपुरा, व लोदी रोड) हैं। जहां एमए क्रिमोनॉलजी, एमए कम्पेरेटिव लिटरेचर, एमबीए, एम.डिजाइन(सोशल डिजाइन), एमए एजुकेशन, एमए फिल्म स्टडीज, एमए डेवलेपमेंट स्टडी, एमए इकोनॉमिक्स, एमए हिंदी, एमए अंग्रेजी, एम हिस्ट्री, एमए सोशियोलॉजी, एमए साइकोलॉजी, एमए जेंडर स्टडी, एमए लॉ पॉलिटिक्स एंड सोसायटी, एमए ग्लोबल स्टडी, एमए अर्बन स्टडी समेत अन्य प्रोग्राम संचालित किए जाते हैं।

# संपादकीय

## बारिश से फसल को नुकसान

बारिश फसल के लिए आवश्यक होती है, लेकिन अत्यधिक बारिश या गलत समय पर हुई बारिश से फसल को नुकसान हो सकता है। ऐसे में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इस लेख में, हम बारिश से फसल पर होने वाले नुकसान और इसके परिणामों के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे।

### बारिश से फसल को नुकसान

जल जमाव : अत्यधिक बारिश के कारण खेतों में जल जमाव हो सकता है, जिससे फसल की जड़ें डूब सकती हैं। यह फसल के विकास में बाधा डालता है और पौधे मुरझा सकते हैं।

फफूंद संक्रमण: बारिश के कारण उच्च नमी स्तर बढ़ जाता है, जिससे फफूंद संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। यह फसल की गुणवत्ता और उपज दोनों को प्रभावित कर सकता है।

मृदा अपरदन: भारी बारिश के कारण मिट्टी का अपरदन हो सकता है, जिससे पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। यह फसल की वृद्धि को प्रभावित करता है और उपज में कमी आती है।

फसल का बर्बाद होना: अत्यधिक बारिश के कारण फसल पानी में बह सकती है या सड़ सकती है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

बाजार मूल्य में गिरावट : बारिश से खराब हुई फसल की गुणवत्ता कम हो जाती है, जिससे बाजार में उसकी कीमत गिर सकती है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान होता है। किसानों की आर्थिक स्थिति: बारिश से फसल के खराब होने पर किसानों को आर्थिक नुकसान होता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है।

खाद्य संकट : फसल की उपज में कमी आने के कारण खाद्य संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

बेरोजगारी : किसानों की आय में कमी आने से ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी बढ़ सकती है। कृषि अर्थव्यवस्था पर प्रभाव : बारिश से फसल के नुकसान का असर कृषि अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है, जिससे समग्र आर्थिक विकास पर असर हो सकता है।

### बारिश से फसल को नुकसान से बचाव के उपाय

सिंचाई प्रणाली में सुधार : जल निकासी प्रणाली को सुधारकर जल जमाव की समस्या को रोका जा सकता है।

फसल का विविधीकरण : विभिन्न प्रकार की फसलें उगाकर किसान अपने जोखिम को कम कर सकते हैं।

फसल बीमा : किसानों को फसल बीमा करवाना चाहिए ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। फसल सुरक्षा उपाय : फफूंद संक्रमण से बचने के लिए फसल सुरक्षा उपायों का पालन करना चाहिए। आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रयोग: उन्नत कृषि तकनीकों का प्रयोग करके किसानों को मौसम के बदलावों से बेहतर तरीके से निपटना चाहिए।

बारिश से फसल को होने वाले नुकसान और इसके परिणाम गंभीर हैं, लेकिन उचित उपायों से इनसे बचा जा सकता है। किसानों को जागरूकता, शिक्षा, और सरकारी सहायता की आवश्यकता है ताकि वे प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम कर सकें और अपनी फसल की गुणवत्ता और उपज को बनाए रख सकें।

## राज्य सरकार को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में निर्वाचन आयोग को सहयोग करने की जरूरत

अगर कोई राजनीतिक दल अपने कामकाज और सैद्धांतिक प्रभाव से मतदाता का विश्वास अर्जित नहीं कर पाता, तो उसे जीत का कोई नैतिक अधिकार नहीं रह जाता।

आम चुनाव के पहले चरण का मतदान संपन्न हो गया। ज्यादातर इलाकों में तेज गर्मी के बावजूद लोगों में मतदान को लेकर उत्साह देखा गया। हालांकि कुछ जगहों पर हिंसक घटनाओं ने जरूर लोकतंत्र के इस उत्सव को बदरंग करने की कोशिश की, पर अच्छी बात है कि उनसे मतदाताओं और मतदान की प्रक्रिया पर बहुत नकारात्मक असर नहीं देखा गया।

मणिपुर लंबे समय से जातीय हिंसा की चपेट में है और वहां पहले से चुनाव के विरोध का स्वर उभर रहा था। इसलिए अगर कुछ मतदान केंद्रों पर उपद्रव की घटनाएं हुईं, तो इसकी वजहें समझी जा सकती हैं। वहां चुनाव कराना निर्वाचन आयोग के सामने बड़ी चुनौती थी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक मतदान केंद्र के पास नक्सलियों ने विस्फोट किया।

यह भी कोई अनपेक्षित घटना नहीं थी, क्योंकि मतदान से दो दिन पहले ही वहां सुरक्षाबलों ने उनतीस नक्सलियों को मार गिराया था। उस घटना की प्रतिक्रिया में हमले की आशंका पहले से थी। हालांकि वहां भी कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और मतदान की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न नहीं हुई। मगर पश्चिम बंगाल में जिस तरह की हिंसा देखी गई, वह जरूर चिंता पैदा करती है।

पश्चिम बंगाल के हर चुनाव में हिंसा की आशंका बनी रहती है। पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता छोटी-छोटी बातों को लेकर गुत्थमगुत्था होते और हिंसक घटनाएं करते देखे जाते रहे हैं, उसमें इस चुनाव में भी व्यापक हिंसा की आशंका पहले से जताई जा रही है। उसकी शुरुआत कूचबिहार में देखी गई।

वहां भाजपा के प्रत्याशी ने आरोप लगाया कि राज्य के सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ता लोगों को धमकाने और मतदान से रोकने का प्रयास करते रहे। यही आरोप तृणमूल कांग्रेस ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगाए। उपद्रवियों की धर-पकड़ और हिंसा पर काबू पाने के क्रम में की गई तलाशी में कई बम भी बरामद किए गए। जाहिर है, हिंसा की तैयारियां वहां पहले से की गई थीं।

पश्चिम बंगाल के हर चुनाव में निर्वाचन आयोग अतिरिक्त रूप से सतर्क रहता है। इसलिए भी कूचबिहार में किसी बड़ी घटना की साजिशों को रोकने में कामयाबी मिल गई। मगर अभी वहां बाकी चरणों के चुनाव होने हैं, जिनमें हिंसा की आशंका बनी हुई है। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में निर्वाचन आयोग का सहयोग करे।

यह ठीक है कि राजनीतिक दल अपनी विजय सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश करते हैं। मगर इसका लोकतांत्रिक तरीका होता है। ऐसा नहीं कि प्रतिद्वंद्वी दल के कार्यकर्ताओं पर हिंसक हमले करके उन्हें मतदान से रोका और अपने पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने का प्रयास किया जाए।

अगर कोई राजनीतिक दल अपने कामकाज और सैद्धांतिक प्रभाव से मतदाता का विश्वास अर्जित नहीं कर पाता, तो उसे जीत का कोई नैतिक अधिकार नहीं रह जाता। मगर कुछ समय से धनबल और बाहुबल के जरिए चुनाव को अपने पक्ष में करने की अनैतिक कोशिशें बढ़ी हैं। लोकतंत्र मतदाता के भरोसे और विश्वास पर टिका होता है, अनैतिक तरीकों से मत अर्जित कर सत्ता में पहुंचे लोगों से लोकतंत्र की सुरक्षा की उम्मीद नहीं की जाती।

जब तक राजनीतिक दल हिंसा के जरिए सत्ता में पहुंचने या बने रहने का रास्ता नहीं छोड़ेंगे, तब तक सही अर्थों में चुनाव लोकतंत्र का उत्सव नहीं बन पाएंगे।

भगवान महावीर की जन्म जयन्ती- 21 अप्रैल, 2024

# भगवान महावीर हैं सार्वभौम धर्म के प्रणेता



- ललित गर्ग -

सदियों पहले महावीर जनमे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। वे सार्वभौम धर्म के प्रणेता थे, उनके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना थी। इस वर्ष भगवान महावीर की 2550 वां निर्वाण महोत्सव मनाया जा रहा है, उनकी जन्म जयन्ती एवं निर्वाण महोत्सव न केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिये बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिये उन्नत जीवन का आधार है, निर्वाण महोत्सव का भव्य आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम् सभागार में 21 अप्रैल, 2024 को चारों जैन सम्प्रदायों के आचार्यों, मुनिराजों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में करेंगे।

भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'अहिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें। 'आत्मानः प्रतिकूलानि परेषाम् न समाचरेत्'' इस भावना के अनुसार दूसरे व्यक्तियों से ऐसा व्यवहार करें जैसा कि हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं। इतना ही नहीं सभी जीव-जन्तुओं के प्रति अर्थात् पूरे प्राणी मात्र के प्रति अहिंसा की भावना रखकर किसी प्राणी की अपने स्वार्थ व जीभ के स्वाद आदि के लिए हत्या न तो करें और न ही करवाएं और हत्या से उत्पन्न वस्तुओं का भी उपभोग नहीं करें।



एक बार महावीर और उनका शिष्य गोशालक एक घने जंगल में विचरण कर रहे थे। जैसे ही दोनों एक पौधे के पास से गुजर रहे थे। शिष्य से दुश्मन बन चुके गोशालक ने महावीर से कहा, यह पौधा देखिए, क्या सोचते हैं आप, इसमें फूल लगेंगे या नहीं लगेंगे? महावीर आंख बंद करके उस पौधे के पास खड़े हो गए, और कुछ देर बाद आंखें खोलते हुए उन्होंने कहा, फूल लगेंगे। गोशालक ने महावीर का कहा सत्य न हो, इसलिये तत्काल पौधे को उखाड़ कर फेंक दिया, और जोर-जोर से हंसने लगा। महावीर उसे देखकर मुस्कराए। सात दिन बाद दोनों उसी रास्ते से लौट रहे थे। जैसे ही दोनों उस जगह पहुंचे, जहां गोशालक ने पौधा उखाड़ा था, उन्होंने देखा कि वह पौधा खड़ा है। इस बीच तेज वर्षा हुई थी, उसकी जड़ों को वापस जमीन ने पकड़ लिया, इसलिए वह पौधा खड़ा हो गया था।

महावीर फिर आंख बंद करके उसके पास खड़े हो गए। पौधे को खड़ा देखकर गोशालक बहुत परेशान हुआ। गोशालक की उस पौधे को दोबारा उखाड़ फेंकने की हिम्मत न पड़ी। महावीर हंसते हुए आगे बढ़े। गोशालक ने इस बार हंसी का कारण जानने के लिए उनसे पूछा, आपने क्या देखा कि मैं फिर उसे उखाड़ फेंकूगा या नहीं? तब महावीर ने कहा, यह सोचना व्यर्थ है। अनिवार्य यह है कि यह पौधा अभी जीना चाहता है, इसमें जीने की ऊर्जा है, और जिजीविषा है। तुम इसे दूबारा उखाड़ फेंक सकते हो या नहीं-यह तुम पर निर्भर है। लेकिन पौधा जीना चाहता है, यह महत्वपूर्ण है। तुम पौधे से कमजोर सिद्ध हुए और हार गए। और जीवन हमेशा ही जीतता है। जीवन में आने वाली मुश्किलों का सामना करने के लिए जरूरी है, आशावादी रहना।

भगवान महावीर का जन्म दिवस एक दस्तक है। उन्होंने बाहरी लड़ाई को मूल्य नहीं दिया, बल्कि स्व कर सुरक्षा में आत्म-युद्ध को जरूरी बतलाया। उन्होंने जो कहा, सत्य को उपलब्ध कर कहा। उन्होंने सबके अस्तित्व को स्वीकृति दी। 'णो हीणे णो अइरित्ते'-उनकी नजर में न कोई ऊंचा था, न कोई नीचा। उनका अहिंसक मन कभी किसी के सुख में व्यवधान नहीं बना। उन्होंने अपने होने का अहसास जगाकर अहं को खड़ा नहीं होने दिया। इसीलिये उनकी शिक्षाओं एवं उपदेशों का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में विशेष महत्व है। हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें, यह अधिक आवश्यक है लेकिन इस विषय पर प्रायः सन्नाटा देखने को मिलता है। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं करते हैं। हम केवल कर्मकाण्ड और पूजा विधि में ही लगे रहते हैं। महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने- 'पुरुष! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता है।' औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्या? इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है।

भगवान महावीर कितना सरल किन्तु सटीक कहा हैं- सुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रिय। सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। हम जैसा व्यवहार स्वयं के प्रति चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार दूसरों के प्रति भी करें। यही मानवता है और मानवता का आधार भी। मानवता बचाने में है, मारने में नहीं। किसी भी मानव, पशु-पक्षी या प्राणी को मारना, काटना या प्रताड़ित करना स्पष्टतः अमानवीय है, क्रूरतापूर्ण है। हिंसा-हत्या और खून-खच्चर का मानवीय मूल्यों से कभी कोई सरोकार नहीं हो सकता। मूल्यों का सम्बन्ध तो 'जियो और जीने दो' जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है।

एक और महत्वपूर्ण प्रश्न है, क्या सुख को स्थायी बनाया जा सकता है? क्या दुःख को समाप्त किया जा सकता है? इसका सीधा उत्तर होगा कि भौतिक जगत में ऐसा होना कभी संभव नहीं है। जब तक भौतिक जगत में जीएंगे तब तक यह स्वप्न लेना दिवास्वप्न है, कल्पना करना आकाश कुसुम जैसा है। आकाश में कभी फूल नहीं लगता। यह असंभव बात है कि इंद्रिय जगत में आदमी जीए और वह सुख या दुःख एक का ही अनुभव करे, यह द्वंद्व बराबर चलता रहेगा। तब व्यक्ति के मन में एक जिज्ञासा पैदा होती है कि ऐसा कोई उपाय है जिससे सुख को स्थायी बनाया जा सके? इसका समाधान है स्वयं का स्वयं से साक्षात्कार। इसके लिये जरूरी है हर क्षण को जागरूकता से जीना। उसको जीने के लिये भगवान महावीर ने कहा था-'खणं जाणाहि पंडिए', जो क्षण को जानता है, वह सुख और दुःख के निमित्त को जानता है।

आज मनुष्य जिन समस्याओं से और जिन जटिल परिस्थितियों से घिरा हुआ है उन सबका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है। जरूरी है कि हम महावीर ने जो उपदेश दिये उन्हें जीवन और आचरण में उतारें। हर व्यक्ति महावीर बनने की तैयारी करे, तभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो। भगवान महावीर का संपूर्ण जीवन तप और ध्यान की पराकाष्ठा है इसलिए वह स्वतः प्रेरणादायी है। उनके उपदेश जीवनस्पर्शी हैं जिनमें जीवन की समस्याओं का समाधान निहित है। वे चिन्मय दीपक हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार को हरता है। वे सचमुच प्रकाश के तेजस्वी पुंज और सार्वभौम धर्म के प्रणेता हैं। वे इस सृष्टि के मानव-मन के दुःख-विमोचक हैं। पदार्थ के अभाव से उत्पन्न दुःख को सद्भाव से मिटाया जा सकता है, श्रम से मिटाया जा सकता है किंतु पदार्थ की आसक्ति से उत्पन्न दुख को कैसे मिटाया जाए? इसके लिए महावीर के दर्शन की अत्यंत उपादेयता है।

# निराशा से बढ़कर कोई व्याधी और शत्रु नहीं

मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैद्य जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैद्य बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंद्य सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंद्य मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए। यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैद्य यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंद्य सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएद्यइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती हैद्य और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है। भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हैद्यऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है।




# हिंदू हारे क्यों और अब हिंदू उत्कर्ष के कारण क्या हैं ?

तरुण विजय

हिन्दुओं ने आत्म मुग्धता के साथ केवल अपने बारे में महानता की बातें कीं लेकिन जो सावरकर और हेडगेवार को जानते हैं वे समझते हैं कि अपनी दुर्बलताओं की और ध्यान दिए बिना शक्ति अर्जन का पथ प्रशस्त करना संभव नहीं होता।




वर्तमान हिंदू उदय का काल सनातन हिन्दुओं की वीरता और उनके असीम धैर्य के साथ विश्व में दुर्लभ संघर्ष की अद्भुत निरंतरता बताता है तो उसके साथ ही स्मरण रखना होगा पिछले कई सौ वर्षों में हिन्दू द्वारा हिन्दू से विद्वेष, हिंदू की हिंदू से शत्रुता, असंगठन, शत्रु के साथ अपने स्वार्थ के लिए जा मिलना और सामूहिक शत्रु के विरुद्ध अपने ईर्ष्या भाव खत्म कर संगठित बल से उस शत्रु का हनन करने की भावना का ना होना जिसने हिंदुओं को विदेशी क्षुद्र शक्तियों का दास बनाया। हिन्दुओं ने आत्म मुग्धता के साथ केवल अपने बारे में महानता की बातें कीं लेकिन जो सावरकर और हेडगेवार को जानते हैं वे समझते हैं कि अपनी दुर्बलताओं की और ध्यान दिए बिना शक्ति अर्जन का पथ प्रशस्त करना संभव नहीं होता।

ये पांच सौ वर्ष कैसे बीते हमारे ? इन वर्षों में लाखों हिन्दुओं का वध हुआ, उनकी स्त्रियों का अपमान हुआ, बच्चे नर नारी गुलाम बनाकर काबुल और बग़दाद के बाज़ारों में बेचे गए, हमारे मंदिरों का ध्वंस हुआ और उनका अपमान हुआ, हमारे पूर्वजों को डरा धमका कर, संहार के भय से इस्लाम में लाया गया। आज उन मतांतरित हिन्दुओं के वंशज ही आक्रमणकारी विदेशियों की भांति हिन्दू धर्म, एवं आस्था स्थलों के प्रति घृणा का भाव रखते हैं, क्यों ? पांच सौ वर्षों के संघर्ष की निरंतरता के बाद हिन्दुओं के असीम धैर्य के बावजूद उनके प्रति मतांतरित जिहाद-अनुयायियों की शत्रुता काम क्यों नहीं हुयी ? हिन्दू इन विषयों पर सोचना भी नहीं चाहता। स्मृति भ्रंश और विगत के बलिदानों का विस्मरण हमारी बड़ी कमजोरी है। मंदिरों की अपरमित आय उच्च जातियों द्वारा नियंत्रित रहती है। हिन्दुओं का कौन सा एक भी मंदिर है जो अपने ही रक्तबंधु दलितों के प्रति समता और सच्चे आत्मीयता का भाव जन जन में पैदा करने के लिए दो चढ़ावा खर्च करता होगा ? अथवा देश के कोने कोने मं हिन्दुओं को धर्मान्तरित करने वाली शक्तियों के सामने हिन्दू रक्षक और समरसता के यथार्थ प्रहरी भेजने हेतु अपने करोड़ो रुपये के हिन्दू-धर्म-दान का कोई अंश खर्च करता होगा ? इन हिन्दू मंदिरों के संचालक एवं धर्म कोष के अधिपति अपनी राजनीतिक अभीप्साओं की पूर्ति के लिए मंदिर कोष कभी सरकारी कार्यों हेतु, कभी आगंतुक राजनीतिक महानुभाव के सरकारी सहायता कोष हेतु, कभी सड़क पानी बिजली के लिए खर्च कर अपने लिए राजनीतिक पद और प्रतिष्ठा की संभावनाएं ढूंढते हैं। लेकिन अरुणाचल से लेकर अंडमान और लद्दाख तक जो संगठन हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए प्रयासरत हैं उनको कभी दो रुपये की सहायता नहीं देते।

हिंदू पर्व केवल लोकाचार- रीति रिवाज और कर्मकांड के पालन द्वारा अपनी क्षुद्र मनोकामनाएं पूरी करवाने का पाखंड नहीं होना चाहिए। हिन्दू क्यों हारा? किन कारणों से आक्रमणकारी जीते ? किन कारणों से हमारा संगठन जातियों, धन कुबेरों के स्वार्थों, धार्मिक कुरीतियों और रूढ़िवादिता के कारण छिन्न भिन्न होता रहा ? और किन महापुरुषों ने हिन्दू संगठन का बीड़ा उठाया जिस कारण आज सर्वत्र एक हिंदू उत्कर्ष का भाव दिखने लगा है ? इन पर विचार किये बिना भारत के नवीन भाग्योदय पर विमर्श अधूरा ही कहा जायेगा।

स्मरण रखिये महाशक्ति संपन्न, विष्णु के अवतार श्री राघव को भी रावण वध से पूर्व भगवती शक्ति का आवाहन कर आशीर्वाद लेना पड़ा था. हमारे अवतारी पुरुष और वीर पराक्रमी गुरु दुष्ट हन्ता, जनसंगठक, मर्यादा रक्षक, प्रजा वत्सल, अत्यंत सौम्य, अक्रोधी, शालीन, भद्र, सबकी सुनने वाले और विनम्र रहे हैं। हमारे महापुरुषों ने जीवन भर जन हित के लिए संघर्ष किया- उनको जीवन में कभी लौकिक सुख नहीं मिला - विलासिता और ऐश्वर्य से कोसों दूर रहे।

### क्या हम अपने अवतारी महापुरुषों के जीवन से कुछ सीखते हैं ?

यदि कृष्ण शक्ति, नीति और पराक्रम के योद्धा पुरुष थे जिनको सुदर्शन चक्र के प्रतापी रूप से जाना गया तो राम मर्यादा भक्षक रावण तथा उसके पुत्रों के वध के बाद उसकी स्वर्णमयी लंका भस्म कर- %जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी% कहते हुये अयोध्या लौटे-और कृष्ण ने मथुरा वृंदावन से हज़ारों मील दूर गुजरात में देहोत्सर्ग किया। दोनों ही अवतारी पुरुष शक्ति और पराक्रम के अन्यतम उदाहरण हैं। अर्थात जहाँ आवश्यक हो वहां अरि हनन कर सज्जनों को अभय देना ही हिन्दू सनातन परंपरा का प्राचीनतम सन्देश रहा है। शक्ति का उपार्जन करना, स्वयं को शत्रु से अधिक बलशाली बनाना, पश्चाताप रहित शत्रु को कभी क्षमा नहीं करना, उसके प्रति कोई दया भाव नहीं दिखाना, सत्य और धर्म रक्षा के लिए प्रत्येक पग उठाने का साहस रखना ही सनातन नियम है।

वर्तमान सन्दर्भों में भारत के आराधकों का विजय पथ पर आरोहण एक नए युग के प्रवर्तन का प्रतीक है। एक ओर यदि हिंदू उत्कर्ष की पुनः प्राप्ति हमारे संघर्ष के अटूट सातत्य का स्वर्णिम अध्याय है तो यह भी सत्य है कि सनातन पथ पर सनातन का नाम लेने वालों ने ही अति दुर्गम कंटक भी बोये, हिन्दू निर्वीर्य दुर्बलताओं का अनुभव भी हुआ, शक्ति अर्जन और जन संगठन में कमियां रहीं। %तुम विजयी हो गए तो क्या हुआ, पहले यह बताओ मुझको क्या मिला ?% इस प्रकार के भाव लेकर सनातन ही सनातन की पराजय का कारण बना। यह इस प्रकार था मानों लंका विजय के बाद हनुमान श्री रघुवीर से पूछें कि अब मुझे कौन सा मंत्रालय मिलेगा ? अयोध्या वालों ने तो कोई युद्ध नहीं किया, इसलिए अधिकांश पद, वानर और रीछ जातियों के लिए आरक्षित होने चाहिए।

इस भाव के विरुद्ध जन संगठन और राष्ट्र धर्म सर्वोपरि मानने का भाव सनातन की विजय सुनिश्चित करता है। जितना भी यह भाव बढ़ेगा हिंदू उत्कर्ष उतना ही निकट आएगा।

# शार्ट न्यूज

## 22 अप्रैल से 4 मई तक चलेगा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश का परिवहन विभाग सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के मकसद से 22 अप्रैल से चार मई के बीच सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन करेगा। अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत सभी जनपदों में आगामी 22 अप्रैल से 4 मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अंतर्विभागीय समन्वय के साथ मनाया जाएगा। उन्होने कहा कि ओवरस्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग, मोबाइल फोन का प्रयोग एवं ड्रंकन ड्राइविंग सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण होते हैं। यह एक मैन मेड डिजास्टर है इसलिये इसमें कमी लाने के लिये अवेयरनेस बिल्ट करने की जरूरत है। यह एक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण मुद्दा है। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत प्रदेश के सभी स्कूली वाहनों का फिटनेस तथा वाहन चालकों के मेडिकल फिटनेस की जांच करायी जायेगी। सभी शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा में छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जायेगी एवं सुड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराया जायेगा। कॉमर्शियल चालकों हेतु हेल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से जारी किये जायेंगे। ओवरलोडिंग को टास्क फोर्स द्वारा सोर्स प्वाइंट ही रोका जायेगा। इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये समय-समय पर निर्गत आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। इस तरह से बहुत लोगों की जिन्दगी को बचा सकते हैं।

## बांदा में दुष्कर्मी को 30 साल की सजा

बांदा। जनपद में किशोरी को हंसिया दिखाकर दुष्कर्म करने वाले युवक को न्यायालय ने 30 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अन्य धाराओं में 40 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। वहीं जुर्माना अदा न करने पर दो वर्ष का का अतिरिक्त कारावास होगा। जुर्माने की धनराशि पीड़िता को दी जायेगी। आपको बता दें की पूरा मामला पैलानी थाना क्षेत्र की एक गांव का है। यहां की रहने वाली किशोरी ने 23 नवंबर को शाम को चार बजे खेत में चारा काटने गई थी। चारा काटकर घर आते समय रामनारायण निषाद ने उसे रास्ते में पकड़ लिया। घास काटने वाले हंसिए से धमकाते हुए उसे खेत की ओर उठा ले गया। जहां डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। काफी देर तक जब लड़की घर नहीं पहुंची तो परिवार वाले उसे ढूंढते हुए खेत की ओर पहुंचे। यहां आरोपी गांव वालों को आता देखकर भाग गया। गांव वालों ने उसे पकड़ने की कोशिश की लेकिर वह फरार हो गया। पीड़िता ने मां को आपबीती बताई। मामले को आरोप पत्र विवेचक ने अदालत में पेश किया। सुनवाई के दौरान अदालत में 6 गवाह पेश किए गए। अधिवक्ता की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने रामनारायण निषाद को दोषी करार देते हुए 30 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 40 हजार रुपए का आर्थिक दंड लगाया है।

## घर की खिड़की तोड़कर लाखों की चोरी

जालौन। जालौन में शुक्रवार रात को चोर सूने घर की खिड़की तोड़ घर में घुस गए। चोरों ने घर में रखी लाखों रुपए की जेवरात व नगदी पार कर दी। इस घटना को चोरों ने तब अंजाम दिया जब पूरा परिवार अपने पैतृक गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। चोरों ने जिस जेवरात को चोरी किया है वह बेटी की शादी के लिए रखे हुए थे। इस घटना की जानकारी मिलने पर पूरे घर में कोहराम मच गया, वहीं चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच में जुट गई। घटना उरई कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पटेल नगर स्थित मैकेनिक नगर की है। यहां पर ग्राम मलथुआ के रहने वाले सुरेश राठौर मकान बनाकर निवास कर रहे थे, शुक्रवार को उनके पैतृक गांव ग्राम मलथुआ में परिवार में शादी थी। उसी में शामिल होने के लिए पूरा परिवार घर में ताला डाल कर गया हुआ था। इसी का फायदा रात के वक्त चोरों ने उठाया और छत के रास्ते खिड़की तोड़ते हुए अंदर प्रवेश कर लिया। परिवार का आरोप है कि चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़ते हुए 7 लाख रुपए के जेवरात, व तीन लाख रुपए की नकदी पार कर दी। इस बारे में शनिवार सुबह जानकारी हुई जब परिवार के लोग शादी समारोह से लौटकर घर पहुंचे।

## पुलिस ने की गैंगस्टर एक्ट में कुर्की की कार्रवाई

**कासिमाबाद।** गाजीपुर के कासिमाबाद तहसील प्रशासन द्वारा 191 गैंग के सहयोगी गैंगस्टर बहादुरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष रियाज अहमद अंसारी और उनकी पत्नी निकहत परवीन सहित अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत लगभग 6.70 करोड़ की अचल संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की है । पुलिस ने बाकायदा मुनादी करते हुए कुल चिन्हित 5 स्थानों पर कुर्क किया गया है। जिससे एक बार फिर बहादुरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। एसपी ओम बीर सिंह ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत 4 आरोपियों के खिलाफ 191 गैंग के तहत कार्रवाई की गई है। बता दें कि गाजीपुर एसपी लगातार अपराध एवं अपराधियों के बीच लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शनिवार को प्रभारी निरीक्षक थाना मरदह द्वारा एसपी गाजीपुर द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर डीएम आर्यका अखौरी के कुर्की के आदेश दिया है। इस क्रम में उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण 1986 के तहत गैंग लीडर चेयरमैन रियाज अहमद अंसारी पुत्र अब्दुल मन्नान अंसारी निवासी वार्ड 11 दक्षिण टोला बहादुरगंज थाना कासिमाबाद सहित कुल 4 अभियुक्तों के अनुमानित कीमत 6.70 करोड़ की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया।

## 11 हजार बिजली लाइन की चपेट में आया युवक

लखनऊ। लिंटर की वायरिंग डाल रहा युवक 11 हजार लाइन की चपेट में आ गया। घटना के बाद युवक का एक हाथ डॉक्टर को इलाज के दौरान काटना पड़ा। मामले में युवक के पिता सुरेश यादव की शिकायत पर सैरपुर पुलिस ने 19 अप्रैल को मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पिता सुरेश यादव का आरोप है कि मुबारकपुर में अखिलेश त्रिपाठी का नया मकान बन रहा था। इसी के लिंटर में वायरिंग डालने के लिए बेटा आशीष यादव अपने दोस्त अमित शुक्ला के साथ गया था। आरोप है छज्जे से थोड़ी ही ऊंचाई पर 11 हजार की लाइन जा रही थी। रात दस बजे वायरिंग डालने के कारण आशीष को इसकी जानकारी नहीं थी। इस दौरान मकान मालिक ने भी इसके बारे में कुछ नहीं बताया। उनका कहना है वायरिंग डालते समय ही बेटा बिजली की चपेट में आ गया। इस दौरान हाथ ऊपर कर दिया। इससे उसका हाथ खराब हो गया। मामले में मकान मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। सुरेश यादव ने बताया कि एक बार पहले भी इसी घर के ठीक सामने ऐसा ही एक हादसा हुआ है, जिसमें व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। बावजूद इसके सावधानी बरतने की कोई जानकारी नहीं दी गई। तार लटके हुए हैं। बेटे की हालत देखकर पूरा परिवार सदमे में है। गाड़ी चलाकर परिवार पाल रहा हूं। सुरेश रैना ने बताया कि घटना के बाद बेटे का उपचार मेडिकल कालेज में चल रहा है। स्थिति अभी खराब है।

## सपा प्रत्याशी ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना


अलीगढ़। अलीगढ़ में पूर्व सांसद व सपा प्रत्याशी चौ. बिजेंद्र सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में धरना दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन सत्ता पक्ष को जिताने के लिए अभी से धांधली शुरू कर दी है। उनके मतदाताओं के पास वोटर पर्ची नहीं पहुंच रही है और कई नाम भी मतदाता सूची से गायब हैं। वह अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी. के कार्यालय के बाहर धरना दिया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों से मिलकर चुनाव संबंधी विभिन्न समस्याएं बताई और तत्काल इसके निस्तारण की मांग की। जिसके बाद उन्हें आश्वासन मिला है कि सभी समसयाओं का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाएगा। पूर्व सांसद व सपा प्रत्याशी चौ. बिजेंद्र सिंह ने अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट में धरना देते हुए आरोप लगाया कि प्रशासन जानबूझकर उन्हें हराने की साजिश कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में मतदाताओं की वोटर पर्ची नहीं पहुंच रही है। इसके साथ ही वह इलाके जहां पर उनके समर्थकों की संख्या ज्यादा है और समाजवादी के वोटर हैं, वहां भी प्रशासन पर्चियां नहीं भेज रहा है। इसके साथ ही वोटर लिस्ट से भी सैकड़ों मतदाताओं के नाम गायब कर दिए गए हैं।

# यूपी बोर्ड की परीक्षा में सीतापुर के परीक्षार्थियों का दबदबा

लखनऊ/प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शनिवार को दसवीं और 12वीं के रिजल्ट घोषित कर दिए।


हाईस्कूल में 89.55 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तो वहीं इंटमीडिएट में 82.60 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इस बार हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं में सीतापुर के परीक्षार्थियों ने प्रदेश में टॉप किया है।

हाई स्कूल में सीतापुर की प्राची निगम ने 98.50 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में टॉप किया है, जबकि फतेहपुर की दीपिका सोनकर (98.33 प्रतिशत) दूसरे और सीतापुर की ही नव्या सिंह (98 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं इण्टरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि बागपत के विशु चौधरी




(97.60 प्रतिशत) दूसरे और अमरोहा की काजल सिंह (97.60 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं। हाईस्कूल में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 12,38,422 बालक तथा 12,23,604 बालिकाएं शामिल हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.05 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.40 है। सम्पूर्ण परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.35 अधिक है। वहीं इण्टरमीडिए में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 10,43,289 बालक तथा 9,82,778 बालिकाएं हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.78 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.42 है। सम्पूर्ण परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 10.64 अधिक है।

शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डा0




महेन्द्र देव और माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिब्यकान्त शुक्ल ने परीक्षाफल घोषित करते हुए बताया कि वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षा के साथ माध्यमिक शिक्षा परिषद ने नए कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। इस वर्ष यूपी बोर्ड ने पहली बार रिकॉर्ड 12 कार्य दिवसों में परीक्षा संपन्न कराई है और साथ ही रिकार्ड 12 कार्य दिवसों में ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य सकुशल पूरा कराकर बोर्ड परीक्षा का परिणाम 100 वर्षों के इतिहास में वर्ष 2023 के बाद दूसरी बार सबसे पहले जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी, 2024 से 09 मार्च, 2024 के मध्य कुल 8,265 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई थीं। वहीं, हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की लिखित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च, 2024 से 30 मार्च, 2024 के मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों में निर्धारित कुल 259 मूल्यांकन केंद्रों पर मात्र 12 कार्य दिवसों में संपन्न हुआ।

हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 29,36,353 संस्थागत एवं 11,982 व्यक्तिगत समेत कुल 29,47,335 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें 27,38,999 संस्थागत तथा 10,365 व्यक्तिगत यानी कुल 27,49,384 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। सम्मिलित परीक्षार्थियों में से 14,39,243 बालक तथा 13,10,121 बालिकाएं शामिल रहीं। इनमें 24,55,041 संस्थागत तथा 6.985 व्यक्तिगत समेत कुल 24,62,026 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.63 तथा व्यक्तिगत का उत्तीर्ण प्रतिशत 67.39 है।


# आगजनी केस में सपा एमएलए पर फैसला टला

### अब कोर्ट ने इरफान सोलंकी को 26 अप्रैल की डेट दी, 7वीं बार नहीं आया जजमेंट

**कानपुर।** जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी केस में कानपुर की स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट ने एक बार फिर से फैसला टाल दिया है। अब मामले में सुनवाई को अगली तारीख 26 अप्रैल की दी है। कोर्ट ने तारीख देने के बाद सातवीं बार फैसला टाला है। इरफान आगजनी केस में ट्रायल पूरा हो चुका है, कोर्ट सिर्फ मामले में फैसला सुनाना है।

### सातवीं बार कोर्ट ने तारीख देने के बाद फैसला टाला

नजीर फातिमा ने 8 नवंबर को जाजमऊ थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप था कानपुर सीसामऊ के विधायक हाजी इरफान



सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी ने अपने गुंडों के साथ प्लॉट पर कब्जा करने की नीयत से 7 नवंबर 2022 को उनका अस्थाई घर फूंक दिया था। मामले में स्नद्धक्रसे लेकर एमपी/एमएलए फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। अब फैसला आना है।

इससे पहले भी कोर्ट ने मामले में फैसला सुनाने को लेकर 14 मार्च फिर 19, 22, 28 मार्च और फिर 4, 15 अप्रैल को तारीख देने के बाद फैसला टाल चुका है। हर बार आरोपियों की कोर्ट में पेशी हुई लेकिन जज ने कोई फैसला नहीं सुनाया और अगली तारीख दे दी।

मामले में तारीख पर तारीख 6 बार फैसले की तारीख पड़ चुकी है। अब 7वीं बार फैसले को लेकर 20 अप्रैल की कोर्ट ने तारीख दी थी, लेकिन कोर्ट ने शनिवार को भी कोई फैसला नहीं सुनाया।

बल्कि सातवीं बार फैसला टालते हुए सुनवाई की अगली तारीख 26 अप्रैल की दी है। अब केस में 26 अप्रैल को बहस होगी। इसके बाद कोर्ट फिर से फैसले पर अगली तारीख देगी।

### फैसले को लेकर कानपुर में अलर्ट

लोकसभा चुनाव को देखते हुए कानपुर में आचार संहिता लगी हुई है। इसके साथ ही प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके चलते कानपुर पुलिस पहले ही अलर्ट मोड पर है।

अब इरफान सोलंकी के फैसले को भी लेकर कानपुर पुलिस ने अपनी पूरी तैयारी कर रखी है। कानपुर पुलिस के साथ ही पीएसी और आरएफ समेत अन्य फोर्स अलग-अलग इलाके में मूवमेंट कर रही हैं।

# दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक की मौत दो घायल

एजेंसी

जौनपुर। उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को हुई दो बाइक की टक्कर में बेटी की शादी के लिए लड़का देखने जा रहे एक अधेड़ की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार जिले में महराजगंज थाना क्षेत्र के सवंसा गांव निवासी राजेश गिरी (50) पुत्र रामपति अपने छोटे भाई कन्हैया लाल (40) के साथ बरसठी थाना क्षेत्र के मियाचक में अपनी बेटी के विवाह के लिए लड़का देखने जा रहे थे, अभी दोनो मीरगंज थाना क्षेत्र के बिलरा मोड़ से आगे पहुंचे थे कि सामने से बाइक से तेज गति से आ रहे दर्शन कुमार (23) कुकराही, बड़ेरी थाना बरसठी से जबदस्त भिडंत हो गई। भिडंत में जहा राजेश गिरी के सिर में गंभीर चोट लग गई, वही कन्हैयालाल और दर्शन गंभीर रूप से चोटिल हो गए।

मौके पर मौजूद लोगो ने पुलिस और एंबुलेंस की सहायता तीनों को मछलीशहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां चिकित्सक ने राजेश की मौत की पुष्टि करते हुए अन्य दोनो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मीरगंज पुलिस ने राजेश गिरी को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक राजेश गिरी बिहार के पूर्वी चंपारण के एक मठ में रहते थे। उनके एक पुत्र और दो पुत्रियां है। सभी बिहार में ही रहते हैं।

## उन्नाव में बस पलटने से 32 यात्री घायल

**उन्नाव ।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 251 पर सबली खेड़ा गांव के पास शनिवार सुबह मिनी बस पलटने से 32 यात्री घायल हो गये। बस के पलटने की सूचना पर पहुंची पुलिस और यूपिडा की टीम ने रेस्क्यू करके सभी सवार 32 लोगों को बाहर निकवाकर बांगरमऊ सीएचसी पहुंचवाया। जहां से बस में सवार घायलों को प्राथमिक उपचार दिलाने के बाद जिलाअस्पताल बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है। यहां से एक को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अ ?रविंद कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 7 बजे बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 251 पर पर मिनी बस पलटने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पहुंची पुलिस और यूपिडा द्वारा रेस्क्यू करके सभी 32 सवारियों जिनमें 7 बच्चे थे को बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया गया था। बताया कि बच्चे सभी सुरक्षित हैं। घायलों को प्राथमिक उपचाार दिलाने के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है। उन्होने बताया कि गंभीर घायल को लखनऊ के लिए रेफर किया गया है। बताया कि पलटने वाली बस गुड़गांव से जौनपुर शादी में लोगों को लेकर जा रह थी। घटना के संदर्भ में बताया कि सवारियों से जो इनपुट मिले है उसके मुताबिक बस चालक को झपकी आ जाने से वह बस से अपना संतुलन खो बैठा जिससे बस पलट गयी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करने के साथ ही घायलों परिजनों को घटना के संदर्भ में जानकारी भेजी है। यात्रियों के अनुसार हरियाणा राज्य के रहले वाले रोहित पुत्र बलवंत जो वर्तमान में गुड़गांव में रहकर नौकरी करता है। इनका विवाह जौनपुर में तय हुआ था। शनिवार को 32 लोगों के साथ बारात लेकर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के रास्ते से जौनपुर जा रहा था।

## बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशियों के पर्चे खारिज

बरेली। उत्तर प्रदेश में बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रत्याशियों के पर्चे जांच में खारिज हो गये हैं। निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन पत्रों की जांच की गई तब पाया गया कि दोनों लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशियों ने फार्म अधूरा भरा था। जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बरेली लोकसभा क्षेत्र से 28 लोगों ने नामांकन कराया था ,जांच में 14 नामांकन पत्र अधूरे पाए गए जिनको रद्द कर दिया गया है। अब कुल 14 प्रत्याशी मैदान में है। नामांकन पत्र खारिज होने में बसपा प्रत्याशी छोटे लाल गंगवार भी शामिल है। आंवला लोकसभा क्षेत्र से कुल 20 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था।

# झांसी : आठ लाख से अधिक की लूट को अंजाम देने वाले युवा, पुलिस के शिकंजे में

एजेंसी

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी की नवाबाद थाना पुलिस और स्वाट की संयुक्त टीम ने बैंक के कलेक्शन एजेंट से आठ लाख 61 हजार 855 की लूट को अंजाम देने वाले युवाओं के एक गिरोह के पांच सदस्यों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया ।इनके पास से छह लाख 38 हजार रूपये बरामद कर लिये गये हैं। यहां पुलिस लाइन में इस संबंध में प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक -नगर (एसपी सिटी) ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बैंक कलेक्शन एजेंट दीपक शर्मा निवासी केके पुरी कालोनी थाना सीपरी बाजार ने 17 अप्रैल को रात के समय उनके साथ कोंछाभांवर पुल के नीचे हुई लूट



की सूचना दी थी। उन्होंने बताया था कि वह कलेक्शन कर रात साढे नौ बजे के आस पास पैसों से भरा बैग अपनी मोटरसाइकिल की टंकी पर रखकर ला रहे थे ,उसी दौरान कोंछाभावर में पुल के नीचे एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों ने कट मारते हुए उनकी मोटरसाइकिल से झटके से बैग उठा लिया और तेजगति बाइक से मौके से फरार हो गये। सिंह ने बताया कि घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के निर्देशन में घटना के खुलासे को लेकर पांच टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान घटना स्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया और पाया गया कि घटना को अंजाम देने में छह लोग शामिल हैं। घटना स्थल से कुछ दूरी पर एक और मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग उनके साथ जा मिले थे ।इस तरह जांच में पता चला कि लूट की इस घटना को किसी एक या दो लोगों ने नहीं बल्कि एक गिरोह ने अंजाम दिया है।

इसके बाद से टीमें लगातार आरोपियों की तलाश में लगीं थीं लेकिन लुटेरों पर शिकंजा कसने में सफलता नवाबाद थाना पुलिस और स्वाट टीम को मिली।

# देवरिया में लू के बीच पारा पहुंचा 42 सेल्सियस

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया में भीषण लू के बीच शनिवार को पारा 42 सेल्सियस तक पहुंचने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिले में लगातार पारा चढ़ता जा रहा है और लू के भयानक और प्रचण्ड थपेड़ों से लोग बेहाल हो रहे हैं। स्कूली बच्चों स्कूल से वापस आते समय को लू की मार झेलनी पड़ रही है। पशु,पक्षियों को भी इस भीषण गर्मी में पानी ना मिलने से बेहाल होते देखे जा रहे हैं। लोग दिन में 11 बजे से चार बजे तक बेवजह घर से निकलने से बच रहे हैं। गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग परेशान दिख रहे हैं। डाक्टरों की सलाह माने तो बुजुर्ग व बच्चें लू में घर से न निकले और लोग शुद्ध पेयजल ज्यादा पीये।

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने लू



प्रकोप व अग्नि काण्ड की घटना को देखते हुए राहत एवं बचाव कार्यों हेतु जिले में तहसील स्तर व विकास खण्ड एवं नगर पालिका/नगर पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया है। उन्होंने जिले स्तर पर एडीएम एफआर व सीएमओ, तहसील स्तर पर समस्त एसडीएम, खण्ड विकास स्तर पर समस्त बीडीओ तथा निकाय स्तर पर समस्त ईओ नगरपालिका/नगर पंचायत को नोडल अधिकारी नामित किया है।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी(सीएमओ) को निर्देश दिया है कि जिला चिकित्सालय में 01 वार्ड एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 04-04 बेड हीटवेव की मरीजों के लिए आरक्षित करें।

जन जागरूकता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना एवं ग्रामीण स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों को हीट-वेव के सम्बन्ध में अलर्ट जारी करना सुनिश्चित करें। सन स्ट्रोक से बचाव के लिए जन सूचना जारी करने के साथ-साथ आपातकालीन स्थिति के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात करें।

उन्होंने अस्पतालों एवं हेल्थसेंटर्स में पावर सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाये। सभी अस्पतालों/पी.एच.सी/सी.एच.सी. में ओ.आर.एस. और तरल पदार्थ के पर्याप्त स्टॉक की व्यवस्था, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र / सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल पर आवश्यक दवाईयां उपलब्ध हों । स्वास्थ्य केंद्रों को हीट-वेव से किसी भी प्रकार की घटना होने पर 24 घंटे क्रियाशील रहने हेतु निर्देश दिया है।

# इटावा : जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री निलंबित

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा में जिला बार एसोशिएशन का चुनाव समय पर ना कराने के कारण बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश दुबे और महामंत्री राजेश कुमार को बार काउंसिल ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

दोनों के ही अधिवक्ता लाइसेंस को निलंबित करते हुए अगले आदेश तक किसी भी अदालत में कार्य करने पर भी रोक लगाई गई है। इटावा जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार गौड़ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 15 अप्रैल को बार काउंसिल विशेष समिति के अध्यक्ष की ओर से यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन और स्पेशल कमेटी के अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह ने यह कार्रवाई की है। बार काउंसिल की स्पेशल कमेटी की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी एल्डर्स कमेटी, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महामंत्री के अलावा इटावा के जिलाधिकारी और जिला जज को भी सूचनार्थ भेजी गई है। बार काउंसिल के नियमों के मुताबिक जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव को एल्डर्स कमेटी के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे, परन्तु वे अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहे।

# बरेली : ई-रिक्शा पलटा, एक की मौत दो घायल

बरेली। उत्तर प्रदेश में बरेली के भोजीपुरा क्षेत्र में शनिवार सुबह ई-रिक्शा से कुत्ते के टकराने के कारण हुई दुर्घटना में ई-रिक्शा पलट गया और उसमें बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि फौजी पूरा थाना क्षेत्र में गांव विलवा निवासी राजू (42) की शादी में बिशारत गंज के गांव चुरा गया था। वापस आते समय शनिवार सुबह ई रिक्शा कुत्ता से टकरा गया।

# चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मी पोस्टल बैलेट से करेंगे मतदान

**सोनभद्र।** सोनभद्र निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने डीआरडीए कार्यालय का शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चुनाव कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान सुविधा उपलब्ध करवाने की तैयारी भी देखी।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट उपायुक्त श्रम रोजगार रमेश यादव से कार्मिकों को पोस्टल-बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी लिया वही उन्होने प्रभारी अधिकारी पोस्टल-बैलेट को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिकों को समय से पोस्टल-बैलेट उपलब्ध कराये जिससे कार्रवाई समय से पूर्ण कर ली जाये।

उन्होंने कहा कि कार्मिकों को पोस्टल-बैलेट से मतदान करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो और वह समय से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इसके बाद जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित निर्वाचन कार्यालय का भी निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी से ली

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान प्रपत्र, मतदान सामग्री, पोस्टल-बैलेट, ईडीसी के प्रपत्रों के बारे मे जानकारी लिया।

## शार्ट न्यूज

### मार्कफेड के प्रबंध निदेशक ने खन्ना अनाज मंडी में गेहूं खरीद का निरीक्षण किया

खन्ना (लुधियाना)। मार्कफेड के प्रबंध निदेशक गिरीश दयालन ने शनिवार को खन्ना अनाज मंडी में गेहूं खरीद कार्यों का निरीक्षण किया। एशिया की सबसे बड़ी अनाज मंडी में जमीनी स्तर की स्थिति का जायजा लेते हुये दयालन के साथ उपायुक्त साक्षी साहनी, मार्कफेड के अतिरिक्त प्रबंध निदेशक संदीप सिंह गढ़ा, मुख्य प्रबंधक यशपाल शर्मा ने कहा कि गेहूं का सुचारु उठान, खरीद और परिवहन के लिये पहले से ही विस्तृत व्यवस्था की गयी थी। दयालन ने सभी खरीद एजेंसियों के जिला प्रबंधकों को यह सुनिश्चित करने के लिये भी कहा कि किसानों को सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से जिलों का दौरा करने और जमीनी स्तर की स्थिति का जायजा लेने का भी आदेश दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में आवक और खरीद की गति बढ़ेगी, इसलिए अधिकारियों को अधिकता से बचने के लिये त्वरित उठान सुनिश्चित करने के लिये तैयार रहने की जरूरत है। इस बीच, विचार-विमर्श में हिस्सा लेते हुये उपायुक्त साक्षी साहनी ने कहा कि पर्याप्त इंतजामों के कारण प्रशासन अनाज मंडियों में उपज को खराब मौसम से बचाने में कामयाब रहा। उन्होंने कहा कि अब तक अनाज मंडियों में 42372.90 टन गेहूं आ चुका है, जिसमें से 77 प्रतिशत गेहूं एजेंसियों द्वारा खरीदा गया है। किसानों को 44.982 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। उन्होंने किसानों से तत्काल खरीद के लिये अनाज मंडियों में सूखी उपज लाने का भी आग्रह किया।

### रत्न और आभूषणों का निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 12.17 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। रत्न और आभूषण निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2023-24 के दौरान 12.17 प्रतिशत घटकर 2,65,187.95 करोड़ रुपये (32,022.08 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रह गया। रत्न व आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों से पता चला है कि इसका अमेरिका में उच्च ब्याज दर और चीन की इकोनॉमी में धीमी रिकवरी है। जीजेईपीसी के अध्यक्ष विपुल शाह ने पीटीआई से कहा, FY23 में रत्न और आभूषण निर्यात 3,01,925.97 करोड़ रुपये (स्ष्ठ 37,646.17 मिलियन) था। उन्होंने कहा, पिछला वित्त वर्ष सभी उत्पाद श्रेणियों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा। यह स्थिति मुख्य रूप से उच्च ब्याज दरों के कारण अमेरिका में मंदी के कारण बनी, जो इस सेगमेंट में निर्यात के लिहाज से भारत के लिए सबसे बड़ा बाजार है। कोविड-19 के बाद चीन के बाजार में सुधार की गति धीमी है। आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष के 1,76,716.06 करोड़ रुपये (22,046.9 मिलियन अमरीकी डालर) की तुलना में वित्त वर्ष 24 के दौरान कट और पॉलिश किए गए हीरे का कुल निर्यात 25.23 प्रतिशत घटकर 1,32,128.29 करोड़ रुपये (15,966.47 मिलियन अमरीकी डालर) हो गया।

### भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन की आईएमएफ ने की तारीफ, विश्व बैंक ने भी सराहा

वॉशिंगटन। अमेरिका में आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बसंत बैठक चल रही है। इस बैठक में शामिल होने के लिए भारत की तरफ से आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ भी अमेरिका दौरे पर हैं। अजय सेठ ने बताया कि इस बैठक के दौरान आईएमएफ और विश्व बैंक ने भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन की तारीफ की। बैठक में कहा गया कि भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन के दौरान वैश्विक मुद्दों पर जिस तरह से आम सहमति बनाई गई, वह काबिले तारीफ है। भारत में 9-10 सितंबर को जी20 सम्मेलन की बैठक हुई थी। इस सम्मेलन में 37 पेज का एक आम सहमति घोषणा पत्र पारित हुआ था, जिसमें रूस-यूक्रेन युद्ध समेत वैश्विक अर्थव्यवस्था के कई मुद्दों पर आम सहमति से कदम उठाए गए थे। भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर जिस तरह से सभी की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बैठकें आयोजित की गईं, उसकी भी तारीफ हुई। लोकसभा चुनाव के चलते इस साल की जी20 की बसंत बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल नहीं हुईं। भारत के प्रतिनिधिमंडल में शीर्ष अधिकारी जैसे आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ और भारतीय रिजर्व बैंक के प्रमुख शक्तिकांत दास शामिल हैं।

### 2023-24 में मिले 1.65 करोड़ रोजगार

रोजगार के मोर्चे पर सुनहरी तस्वीर दिख रही है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1.65 करोड़ सदस्य जोड़े हैं। 2022-23 की तुलना में यह 19 फीसदी अधिक है। ईपीएफओ शनिवार को आंकड़ा जारी करेगा। श्रम मंत्रालय के मुताबिक, पिछले साढ़े छह वर्षों में 6.1 करोड़ सदस्य ईपीएफओ से जुड़े हैं। 2018-19 में 61.12 लाख सदस्य शुद्ध रूप से जुड़े थे। 2019-20 में यह बढ़कर 78.58 लाख हो गए। हालांकि, कोरोना के कारण 2020-21 में संख्या मामूली घटकर 77.08 लाख रही। 2021-22 में इसमें 1.22 करोड़ की बढ़त देखी गई। 2022-23 में इसमें 1.38 करोड़ की बढ़त रही। ईपीएफओ में सदस्यों के बढ़ने का मतलब यह होता है कि औपचारिक क्षेत्रों में लोगों को रोजगार मिल रहा है। इससे लोगों को सामाजिक सुरक्षा भी मिलती है। सरकार चालू वित्त वर्ष में जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन यानी जीआईसी और एलआईसी में हिस्सा बेच सकती है। सरकार को निवेशकों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। ऐसे में जीआईसी में कई चरणों में 10 फीसदी तक हिस्सा बेच सकती है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि 10 फीसदी हिस्सा बेचने से वर्तमान मूल्य पर सरकार जीआईसी से 57 अरब रुपये जुटा सकती है। एलआईसी में सरकार कई चरणों में छोटे-छोटे हिस्से बेच सकती है। निवेशकों से मिलने वाली प्रतिक्रिया पर इसका फैसला होगा। आईपीओ में सरकार ने 3.5 फीसदी हिस्सा बेचा था।

# शक्कर में नरमी, खाद्य तेलों में गिरावट, दलहनों में मंदा, दाल- चावल मजबूत

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में नरमी रही। खाद्य तेलों में भाव कमी दर्ज की गई। कारोबार में सोयाबीन रिफाइंड सस्ता होकर बिका। तिलहन में उठाव कमी से गिरावट रही। दलहन मंदी लिए बताए गए। दाल जरूर मजबूत रही। चावल में उठाव सामान्य वत बना रहा।

### किराना बाजार

सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी कमी से भाव नरमी लिए रहे। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला लिवाली से बना रहा। साबूदाना, खोपरा बूरा में मांग उठाव रहा। हल्दी में उठाव रहा।

### तेल-तिलहन


खाद्य तेलों में मंदा दर्ज किया गया। सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। आने वाले दिनों में खाद्य तेलों में लिवाली सुधार की संभावना है। तिलहनों में कामकाज नरमी लिए बताया गया। आज सरसों तथा सोयाबीन में कमी हुई।

### दाल-दलहन

दलहनों में नरमी दर्ज की गई। आज चना विशाल नरम होकर बिका। दालों में मजबूती बताई गई। चावल में मांग सुधार लिए रही।

### किराना

शक्कर 3940 से 3960 रुपये प्रति क्विंटल।
खोपरा गोला 114 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2550 से 4600 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 175 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6200 से 6800, पैकिंग में 7100 से 7200 रुपये प्रति क्विंटल।



### तिलहन

सरसों निमाड़ी 5000 से 5600, सोयाबीन 4600 से 4650 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1510 से 1520, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 950 से 955 साल्वेंट 905 से 910, पाम तेल 1000 से 1005 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 6200 से 6250, चना विशाल 5800 से 5950, मसूर 6000 से 6025, तुअर निमाड़ी 9800 से 11200, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11500 से 11700, तुअर (कर्नाटक) 11600 से 11800, मूंग 9000 से 10000, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8800 से 9200, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 8000 से 8500, तुअर दाल सवा नंबर 15200 से 15300, तुअर दाल फूल 16200 से 16300, तुअर दाल बोल्ड 17100 से 17200, आयातित तुअर दाल 14200 से 14300, मसूर दाल 7200 से 7500, मूंग दाल 10500 से 10800, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 11400 से 11700, उड़द मोगर 11800 से 12000 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000, दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, मोगरा 4500 से 7000, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1660, मैदा 1530, आटा 1520, चना बेसन 4100 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# इरेडा का चौथी तिमाही का लाभ 33 प्रतिशत वृद्धि के साथ 337.38 करोड़ रुपये

एजेंसी

नयी दिल्ली। नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को कर्ज देने का कारोबार करने वाली सरकारी क्षेत्र की गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी इरेडा ने इस वर्ष 31 मार्च को समाप्त हो रहे वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में वार्षिक आधार पर 33 प्रतिशत वृद्धि के साथ 337.38 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। कंपनी का वार्षिक लाभ भी 44.83 प्रतिशत के उछाल के साथ 1252.23 करोड़ रुपये के अब तक के रिकार्ड स्तर पर रहा।

कंपनी ने एक विज्ञप्ति में इन परिणामों को उल्लेखनीय बताया है।

इरेडा की ओर से शनिवार को जारी तिमाही वित्तीय रिपोर्ट के अनुसार मार्च, 2024 की तिमाही में कंपनी का कर पूर्व लाभ सालाना आधार पर 66.33 प्रतिशत के जोरदार उछाल के साथ 479.67 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 288.38 करोड़ रुपये था।

कंपनी ने आलोच्य तिमाही में 33.03 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि के साथ 337.38 करोड़ रुपये का लाभ दिखाया है। वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में 253.62 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

इरेडा ने मार्च, 2024 की तिमाही में 23,407.57 करोड़ रुपये के कर्ज स्वीकृत किए जो एक साल पहले की इसी तिमाही के 11,796.95 करोड़ रुपये की तुलान में 98.42 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान उसका कर्ज वितरण 13.98 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12,869.35 करोड़ रुपये रहा।

वित्त वर्ष के अंत में इरेडा का एनपीए (वसूली में अवरुद्ध कर्ज) का अनुपात एक साल पहले के 1.66 प्रतिशत से घट कर 0.99 प्रतिशत पर आ गया।

वित्त वर्ष के अंत में कंपनी के ऋण खातों का आकार 59,698.11 करोड़ रुपये था जो एक साल पहले के 47,052.52 करोड़ रुपये से 26.81 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1,685.24 करोड़ रुपये का कर पूर्व लाभ दर्ज किया था जो एक साल पहले के 1,139.25 करोड़ रुपए से 47.93 प्रतिशत अधिक है। वर्ष के दौरान कर पश्चात लाभ 1,252.23 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले के 864.63 करोड़ रुपये से 44.83 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी ने 2023-24 के दौरान 37,353.68 करोड़ रुपये के कर्ज स्वीकृत किए तथा 25,089.04 करोड़ रुपये के कर्ज वितरित किए। सालाना आधार पर इनमें क्रमशः 14.63 प्रतिशत और 15.94 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

इरेडा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने इन परिणामों को उल्लेखनीय बताया। उन्होंने कहा कि कंपनी भारत में नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को अपनाने में तेजी लाने के लिए दृढ़ता के साथ प्रतिबद्धता है। उन्होंने इसे निवेशकों और हितधारकों के लिए आगे के अधिक अच्छे रुझान का संकेत बताया है।

## निसान मोटर ने दिल्ली में खोलीं चार नयी ग्राहक सेवा एवं सम्पर्क सुविधाएं




नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने ग्राहकों की सुविधा के लिए राष्ट्रीय राजधानी में चार नए कस्टमर टचपॉइंट्स शुरू किए हैं।

कंपनी ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि दिल्ली में इन चारों नयी सुविधाओं में एक शोरूम, दो डिस्प्ले सेंटर और बॉडी शॉप के साथ एक सर्विस सेंटर शामिल हैं। इसके साथ देश भर में निसान टचपॉइंट्स की संख्या 270 पर पहुंच गई है। कंपनी के अनुसार दिल्ली के मोती नगर में नया जुबिलेंट निसान शोरूम 5500 वर्ग फुट में, प्रशांत विहार और द्वारका में डिस्पले सेंटर क्रमशः 2800 और 2000 वर्ग फुट में तथा रामा रोड पर सर्विस सेंटर के साथ बनाया गया बॉडी शॉप क्रमशः 7250 वर्ग फुट और 7950 वर्ग फुट में हैं। शोरूम का उद्घाटन निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेंट फ्रैंक टोरेस और निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) सौरभ वत्स ने किया। श्री टोरेस ने कहा, नए कस्टमर टचपॉइंट्स जोड़ने की यह पहल ग्राहकों को हर कदम पर सर्वश्रेष्ठ सर्विस प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाती है। हम आगे भी अपने ग्राहकों को अनूठी मदद एवं संतुष्टि प्रदान करते रहेंगे और भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करेंगे। वत्स ने कहा, नए कस्टमर टचपॉइंट्स के साथ अपना फुटप्रिंट बढ़ाते हुए हम ग्राहकों के अनुभव को बेहतर करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूती दे रहे हैं।

# एचडीएफसी बैंक का शुद्ध मुनाफा 34 प्रतिशत बढ़ा

### ब्याज से होने वाली आमदनी में 24.5 प्रतिशत का इजाफा

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक का एकल शुद्ध मुनाफा मार्च को समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 37.1 प्रतिशत बढ़कर 16,512 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। तिमाही के दौरान इसकी शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 24.5त्न बढ़कर 29,077 करोड़ रुपये हो गई।

शनिवार को अपने तिमाही नंबरों की घोषणा करते हुए, एचडीएफसी बैंक ने एफवाई 24 के लिए प्रति शेयर 19.5 का लाभांश भी घोषित किया। निजी क्षेत्र के ऋणदाता का कोर नेट इंटरेस्ट मार्जिन कुल संपत्ति पर 3.44 प्रतिशत और ब्याज़ अर्निंग असेट के आधार पर 3.63 प्रतिशत रहा।

एचडीएफसी बैंक ने अपनी फाइलिंग में कहा कि अर्थव्यवस्था में ऋणों का माहौल बेहतर बना हुआ है। बैंक का सभी क्षेत्रों में क्रेडिट प्रदर्शन स्वस्थ बना हुआ है। पिछले तिमाही की तुलना जीएनपीए में 1.24 प्रतिशत का सुधार हुआ है।

बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उसका नेट एनपीए नेट एडवांस का 0.33त्न रहा जो एक साल पहले 0.27 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 0.31 प्रतिशत था। बैंका रिटर्न ऑन असेट्स यानी आरओए 0.49 प्रतिशत रहा जो दिसंबर तिमाही में भी इतना ही था। वहीं, एक साल पहले यह 0.53 प्रतिशत था।

आंकड़े जारी करने के साथ एचडीएफसी बैंक के बोर्ड ने एक रुपए के फेस वैल्यु पर 1950 फीसदी यानी 19.5 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देने का भी ऐलान किया है। इसके लिए 10 मई को रिकॉर्ड डेट तय किया गया है।

### फैशन ब्लेजन 2024 में उभरते डिजाइनरों ने किये अपने कौशल का प्रदर्शन

नयी दिल्ली। फुटवेयर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) के वार्षिक फैशन ब्लेजन 2024 में 2020-24 के स्नातक बैच के उभरते डिजाइनरों ने अपने डिजाइन कौशल का आज प्रदर्शन किया। एफडीडीआई के प्रबंध निदेशक कर्नल पंकज कुमार सिन्हा ने इस अवसर पर कहा हम इस वर्ष के फैशन में अपने छात्रों की कड़ी मेहनत और रचनात्मकता की पराकाष्ठा को प्रदर्शित करके बहुत खुश हैं। प्रत्येक संग्रह उनकी प्रतिभा , नवीनता और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह फैशन शो न केवल स्नातक छात्रों को अपने कौशल को उद्योग के पेशेवरों के समक्ष प्रदर्शन का अवसर होता है बल्कि उनको अपने डिजाइन का प्रदर्शित करने का भी एक मंच होता है जहां वे अपने वर्षों के समर्पण, जुनून तथा कड़ी मेहतन को दिखाते हैं और इससे उनको अपने भविष्य को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

# अगले 10 वर्षों में 3.5 लाख करोड़ डॉलर निवेश की जरूरत

नयी दिल्ली। भारत के वर्ष 2027 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यस्था बनने की उम्मीद के बीच अगले 10 वर्षों में देश के सकल घरेलू उत्पाद के बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर के होने के अनुमान के मद्देनजर इस अवधि में 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत होगी।

सोसायटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स द्वारा सेवा निर्यात संवर्धन परिषद के सहयोग से आयोजित एक सम्मेलन में सर्राफ एंड पार्टनर्स के संस्थापक एवं प्रबंध पार्टनर मोहित सर्राफ ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि अभी भारत का सकल घरेलू उत्पाद 3.7 लाख करोड़ डॉलर का है जिसके अगले 10 वर्षों में बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर के होने का अनुमान है। इसको हासिल करने के लिए 3.5 लाख करोड़ डॉलर का निवेश करने की जरूरत होगी।



उन्होंने कहा कि इस दिशा में काम जारी है लेकिन उसकी गति को बनाये रखने की जरूरत है ताकि इसको हासिल किया जा सके।

सोसायटी ऑफ इंडियल लॉ फर्म्स के अध्यक्ष डॉ ललित भसीन ने कहा कि देश में बड़े पैमाने पर मामले लंबित है लेकिन इस मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निटपाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अधिकांश मामलों में कहीं न कहीं सरकार आती है और सरकार नीतियों में खामियों की वजह से मामलों का निपटान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने और अनुपयोगी कानूनों को समाप्त किया जाना चाहिए लेकिन उनके स्थान पर तर्कसंगत कानून भी बनाये जाने की आवश्यकता है।

# पाकिस्तान ने आईएमएफ से एक और बेलआउट पैकेज की मांग की

### अगले महीने रिव्यू मिशन भेजने की लगाई गुहार

नई दिल्ली। पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से जलवायु वित्तपोषण के साथ छह से आठ अरब डॉलर के बीच का अगला राहत पैकेज देने का औपचारिक अनुरोध किया है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ से विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) के तहत तीन साल के अगले राहत पैकेज के ब्योरे को अंतिम रूप देने के लिए अपने रिव्यू मिशन को अगले महीने भेजने का भी अनुरोध किया है।

हालांकि, जियो न्यूज के अनुसार नए पैकेज का सटीक आकार और समय सीमा मई 2024 में अगले बेलबाउट के प्रमुख संदर्भों पर आम सहमति बनाने के बाद ही निर्धारित की जाएगी। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में आईएमएफ/विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए वाशिंगटन के दौरे पर है।

हालांकि एक पाकिस्तानी अधिकारी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश कर रहे हैं तो दूसरी ओर आईएमएफ ने मध्य पूर्व और मध्य एशिया के लिए जारी अपने नवीनतम क्षेत्रीय आर्थिक आउटलुक (आरईओ) में कहा कि नकदी की कमी वाले देश (पाकिस्तान) के बाहरी बफर खराब हो गए हैं। यह चिंता खासकर ज्यादातर यूरोबॉन्ड के पुनर्भुगतान और ऋण सेवाओं के बारे में हैं।

रिपोर्ट के अनुसार जहां महंगाई का दबाव बना रहता है, खासकर मिस्र, कजाखस्तान, पाकिस्तान, ट्यूनिशिया और उज्बेकिस्तान, वहां मौद्रिक नीति को कड़ा रहना चाहिए और मुद्रास्फीति की स्थिति बहुत अधिक पलट की ना जाए उसके जोखिम पर भी बारीकी से निगरानी करते हुए डेटा पर निर्भर रहना चाहिए।

2023 में गिरावट के बाद, पाकिस्तान की विकास दर में 2024 में 2 प्रतिशत तक सुधार होने का अनुमान है। अर्थव्यवस्था में यह वृद्धि कृषि और कपड़ा क्षेत्रों में सकारात्मक बदलावों से आने की अपेक्षा की जा रही है। इस बीच, पाकिस्तान वित्त मंत्री औरंगजेब ने वाशिंगटन में विश्व बैंक को बताया कि प्रमुख क्षेत्रों में सुधार एजेंडा के पूरी तरह लागू होने के साथ पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के 2047 तक 3,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है।

आईएमएफ के साथ पाकिस्तान का मौजूदा 3 बिलियन अमरीकी डालर का समझौता अप्रैल के अंत में पूरा हो रहा है।

वहां की सरकार व्यापक आर्थिक स्थिरता को स्थायी बनाए रखने में मदद के लिए एक लंबा और बड़ा ऋण मांग रही है, जिससे देश बहुत जरूरी संरचनात्मक सुधारों को लागू कर सके।

# भारत को सतत विकास और निवेश बढ़ाने के लिए सुधार जारी रखने चाहिए

नई दिल्ली। आम लोगों के खर्च में इजाफा होने और सार्वजनिक क्षेत्र में निवेश बढ़ाने से भारत सतत विकास की राह आगे बढ़ रहा है। तमाम वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की यह प्रगति बनी हुई है। आईएमएफ की एशिया पैसिफिक विभाग की निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने यह दावा किया है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 6.8 प्रतिशत विकास दर का आंकड़ा बहुत प्रभावी है और यह आमलोगों के बीच उपभोग और सार्वजनिक संपत्ति में सरकार की ओर से निवेश बढ़ाने के कारण है।

श्रीनिवासन ने कहा कि भारत कोरोना महामारी और हाल के दिनों में पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव जैसी चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपटने में सफल रहा है। भारत की वृद्धि क्षमता को स्वीकार करते हुए उन्होंने जनसांख्यिकीय लाभ का पूरी तरह लाभ उठाने के लिए भारत में सुधारों की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

### भारत में हर साल लगभग 1.5 करोड़ लोग श्रम बल में जुड़ सकते हैं

आईएमएफ के अधिकारी ने भारत में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, श्रम कानूनों और कारोबारी माहौल में महत्वपूर्ण निवेश पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों को मिलकर सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है ताकि देश अपनी आर्थिक क्षमताओं को साकार कर सके। उन्होंने कहा, मैं अब इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि भारत एक युवाओं की बढ़ती आबादी वाला देश है। भारत में हर साल लगभग 1.5 करोड़ लोग श्रम बल में जुड़ सकते हैं। यदि आप इस मानव संसाधन का लाभ उठाना चाहते हैं, तो आपको बहुत सारे सुधारों की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, मैं शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय निवेश पर जोर देना चाहूंगा ताकि बढ़ता श्रम बल अर्थव्यवस्था में उत्पादक योगदान दे सके। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत को अपनी व्यापार व्यवस्था को भी उदार बनाने की जरूरत है ताकि पाबंदियां हटाई जा सकें ताकि कंपनियां आपस में प्रतिस्पर्धा कर सकें। आपको एफडीआई के लिए माहौल को और आकर्षक बनाना होगा।




श्रीनिवासन ने चीन के बराबर या उससे भी अधिक वृद्धि दर बनाए रखने के लिए भारत में सुधारों के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने चीन को पीछे छोड़ते हुए सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की स्थिति को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, चीन भारत से चार गुना बड़ा है। भारत के लिए मध्यम अवधि की अच्छी संभावनाएं 6.5 प्रतिशत पर बहुत अच्छी हैं। यह उससे बेहतर कर सकता है, लेकिन इसके लिए भारत में वे सुधार होने जरूरी हैं, जिनकी देश को जरूरत है।

### भारत अगले कई वर्षों में 6.5 प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धि दर हासिल कर सकता है

श्रीनिवास ने कहा कि भारत अपनी क्षमताओं का इस्तेमाल कर सुधारों को शुरू करता है तो अगले कई वर्षों में 6.5 प्रतिशत या उससे अधिक की जीडीपी हासिल कर सकता है। उन्होंने जीडीपी वृद्धि दर को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने पर चिंता भी जाहिर की। इसके बावजूद उन्होंने भारत सरकार की ओर से डेटा गुणवत्ता और पारदर्शिता में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भरोसा जताया।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत सरकार गुणवत्ता ठीक करने और आंकड़ों की गुणवत्ता में सुधार करने की कोशिश में सक्रियता से काम कर रही है। उन्होंने कहा, भारत सरकार ने पूंजीगत व्यय के मामले में काफी निवेश किया है। बुनियादी ढांचे की जरूरतों को पूरा करने के लिए रेल, सड़क, हवाई अड्डे और अन्य सभी क्षेत्रों में निवेश बढ़ा है। भारत सरकार ने इस पर जितनी राशि खर्च की है, उससे बुनियादी ढांचे का अंतर घटा है। उन्होंने कहा, पिछले कई साल में खराब बैलेंस शीट साफ हुई है और कॉरपोरेट अब अपने स्वयं के निवेश और वित्तपोषण के मामले में बेहतर हुए हैं। आने वाले समय में निजी निवेश भी तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।

श्रीनिवासन ने डिजिटल बुनियादी ढांचे में भारत की उपलब्धियों, विशेष रूप से डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) जैसी पहलों को अनुकरणीय माना है। श्रीनिवासन ने वैश्विक लाभ के लिए अपनी तकनीकी प्रगति का लाभ उठाने के लिए भारत की क्षमता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, यह डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा। इससे देश की उत्पादकता भी बढ़ेगी। श्रीनिवासन ने कहा कि आईएमएफ सिंगापुर में एक व्यापक रिपोर्ट जारी करेगा जिसमें वैश्विक आर्थिक घटनाक्रमों और भारत जैसे देशों पर उसके प्रभाव के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# मेरा फोकस 2028 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक पर : प्रीति दुबे

नई दिल्ली। तेज तर्रार फॉरवर्ड प्रीति दुबे का कहना है कि उनका लक्ष्य 18 सदस्यीय राष्ट्रीय टीम में जगह बनाना और 2028 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में देश के लिये पदक लाना है।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) बैंगलोर में 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम के लिये आयोजित में शिविर में पसीना बहा रही उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की 25 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि 2017 में हॉकी वर्ल्ड लीग सेमीफाइनल में भारतीय महिला हॉकी टीम का आखिरी बार प्रतिनिधित्व किया था। 33 सदस्यीय दल में उनका चयन पुणे में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में शानदार प्रदर्शन के बाद हुआ था।

अपने शामिल होने के बारे में बोलते हुए, प्रीति ने कहा, राष्ट्रीय सेटअप में वापस आना आश्चर्यजनक लगता है। लेकिन ये सिर्फ पहला कदम है। मैं अपने परिवार के सदस्यों और अपने सभी कोचों को धन्यवाद देना चाहती हूं जो कठिन समय में मेरे साथ खड़े रहे और मेरा समर्थन किया। मुझे हमेशा अपने आप पर विश्वास था कि सही समय मै वापसी कर सकूंगी।



अपने संघर्षों को याद करते हुए उन्होंने कहा, मैंने पिछले कुछ वर्षों में बहुत सारे उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन मेरा मानना ??है कि जो कुछ हुआ, उसने मुझे मानसिक रूप से मजबूत बनाया है। जब 2020 में लॉकडाउन हुआ, तो मुझे बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा क्योंकि हम नेशनल नहीं खेल सके और इसके कारण मुझे सेंटर रेलवे में अपनी नौकरी से आवंटित छुट्टी नहीं मिल सकी। वह एक साल मेरे लिए सबसे कठिन था। मैं आठ घंटे काम करती थी फिर अपने कमरे में वापस आकर अपने लिये खाना खुद बनाती थी क्योंकि मैं अपने परिवार के बिना मुंबई में रह रही थी। लेकिन मैं हर दिन रात 8-9 बजे तक अपनी फिटनेस और ट्रेनिंग के लिए समय निकालती थी। मैंने यह सुनिश्चित किया कि मेरी फिटनेस का स्तर कभी कम न हो।

उन्होने कहा मेरा अगला लक्ष्य 18 सदस्यीय टीम के लिए जगह बनाना, आत्मविश्वास हासिल करना और अपनी टीम को अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर पदक जीतने में मदद करना है। मेरा मुख्य ध्यान अब 2028 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक पर है।

प्रीति ने अपने अनुभवों को साझा करते हुये कहा, मेरे पिता मुझे हर दिन फोन करते हैं और कहते हैं कि वापसी करने के लिए मेरे पास सबकुछ है। मेरे सभी प्रशिक्षकों ने हमेशा मुझसे कहा है कि मुझमें क्षमता है और जब इतने सारे लोग मुझ पर भरोसा करते हैं, तो इससे मुझे बेहतर करने के लिए अतिरिक्त प्रेरणा मिलती है और यह मुझे विपरीत परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

उन्होने कहा मेरे पास एक डायरी है जिसमें मैं अपने सपनों को चित्रों के रूप में लिखती रहती हूं कि मैं उन्हें कैसे पूरा कर सकता हूं और हर दिन अपने प्रशिक्षण के लिए मैदान में उतरने से पहले, मैं डायरी को देखती हूं और यह मुझे मेरे संघर्षों की याद दिलाती है।

2016 में, प्रीति भारतीय महिला हॉकी टीम की सबसे कम उम्र की सदस्यों में से एक थीं, जिन्होंने रियो में अपने पहले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने 2018 में बेल्जियम में आयोजित अंडर-23 सिक्स नेशन टूर्नामेंट में 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का नेतृत्व भी किया था।

# बेजोड़ है शाहरुख, उनके साथ काम करना सबसे सुखद : गंभीर

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर गौतम गंभीर ने शनिवार को शाहरुख खान को सर्वश्रेष्ठ आईपीएल टीम का मालिक बताते हुये कहा कि उनके साथ काम करना सबसे सुखद अनुभव रहा है।

गंभीर ने कहा मैंने यह कई बार कहा है कि वह सबसे अच्छे मालिक हैं जिनके साथ मैंने कभी काम किया है। मेरी कप्तानी के सात वर्षों में, हमने क्रिकेट पर सात मिनट की भी बातचीत नहीं की। शाहरुख खान केकेआर के सह-मालिक हैं।



गंभीर ने फिल्म अभिनेता के साथ काम करने के अनुभवों को साझा करते हुये कहा खराब दौर के दौरान, मैं खुद को छोड़ने की कगार पर था, इसलिए मैंने जाकर उनसे बात की और उन्होंने मुझसे केवल एक ही बात कही कि जब तक आप यहां हैं, आप खुद को नहीं छोड़ेंगे।

सुनील नरेन के शानदार प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर गंभीर ने कहा कि उन्होंने इंदौर में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण में सुनील नरेन का सामना किया था और 7-8 गेंदों के भीतर, मुझे पता चल गया था कि वह खास कर टी20 क्रिकेट में एक महान खिलाड़ी बनने जा रहा है। गंभीर ने कहा कि आईपीएल में चैंपियन बनने के लिए प्रतिभा से ज्यादा साहस की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, यह सबसे प्रतिभाशाली टीम नहीं है जो आईपीएल जीतेगी।

# ओडिशा के खिलाफ हार से निराश हूं : वुकोमानोविक

भुवनेश्वर। केरला ब्लास्टर्स एफसी के मुख्य कोच इवान वुकोमानोविक ने कहा कि वह अपनी टीम के नॉकआउट चरण में ओडिशा एफसी के खिलाफ 2-1 से हार से निराश है मगर उन्हे खुशी है कि उनकी टीम ने यहां पहुंचने के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और टीम के प्रत्येक सदस्य ने अपना शत प्रतिशत दिया।



इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के एक मैच में शुक्रवार रात यहां कलिंगा स्टेडियम में दोनों टीमें गोल करने के मौके बनाने के बावजूद उनका फायदा उठाने में नाकाम रहीं थी। शुरुआती हाफ में मेहमान टीम के पास बेहतर मौके थे। 67वें मिनट में लिथुआनियाई फारवर्ड फेडर सेर्निच की बेहतरीन फिनिश की बदौलत ब्लास्टर्स ने आखिरकार बढ़त ले ली।

98वें मिनट में, अहमद जाहौह ने कृष्णा को एक लंबी गेंद भेजी, जिसने फिर इसाक वानलालरुआतफेला को सेट किया, और विंगर ने करीब से कोई गलती नहीं की, जिससे उनकी टीम पहली बार आईएसएल सेमीफाइनल में पहुंच गई।

वुकोमानोविक ने अफसोस जताते हुये कहा कि महत्वपूर्ण अवसरों को भुनाने में उनकी टीम की विफलता ने मैच के नतीजे पर काफी प्रभाव डाला। उन्होने कहा इस प्रकार के खेलों में, आपके पास 25 या 30 मौके नहीं होंगे। यह एक कठिन खेल है, यह नॉकआउट चरण है, और जब भी आप मौके बनाते हैं, तो आपको उन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करना होगा।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, बेशक, हमारे लड़के उस गेंद को नेट में धकेलना चाहते थे, लेकिन फिर भी, अगर आप गोल नहीं कर पाते, तो आपको दूसरी तरफ से गोल के रुप में दंड भोगना पड़ता है और आप बाहर हो जाते हैं।

मुख्य कोच ने खेल की सकारात्मकताओं पर जोर देते हुये अपनी टीम के प्रशंसकों का आभार जताया जो लगातार टीम के पक्ष में खड़े रहे हैं। उन्होने कहा मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से, एक कोच के रूप में यह मेरे जीवन का अब तक का सबसे कठिन सीज़न था। अब कोचिंग के 10 साल हो गए हैं क्योंकि पूरे सीज़न के दौरान बहुत सी चीजें थीं जिन्हें आप नियंत्रित नहीं कर सकते। आपको उससे निपटना होगा।

इस हार के साथ, ब्लास्टर्स का सीज़न समाप्त हो गया है। निराशा के बावजूद, मुख्य कोच ने अपने खिलाड़ियों पर गर्व व्यक्त किया और पूरे सीज़न में उनके द्वारा अनुभव किए गए सकारात्मक क्षणों को दोहराया।

उन्होने कहा यह एक तरह की मिश्रित भावनाएँ हैं। खुश हूं क्योंकि हमने कई चीजें विकसित कीं, हम उस समय कई स्तरों पर पहुंच गए जब हम वास्तव में टीम के साथ थोड़ा पूर्ण थे। हम टीम में हर किसी को हरा रहे थे, चाहे हम घर पर खेल रहे हों या बाहर। और निश्चित रूप से, अंत में, निराशा हुई क्योंकि हम बाहर हैं।

# पाक में 8 हजार करोड़ निवेश करेगा सऊदी अरब

## क्यों तंगहाली और आतंक के बावजूद पाक की मदद को तैयार क्राउन प्रिंस

सऊदी अरब जल्द ही पाकिस्तान में तांबा और सोने के खनन से जुड़े प्रोजेक्ट में 8.34 हजार करोड़ का निवेश करेगा। सऊदी के विदेश मंत्री फैजल बिन फरहान अल सऊद हाल ही में 2 दिन के पाकिस्तान दौरे पर गए थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसी दौरान दोनों देशों के बीच डील पर चर्चा हुई। वहीं शुक्रवार को पाक आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने भी सऊदी के सहायक रक्षा मंत्री मेजर जनरल अब्दुल्लाह अल-ओताइबी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच डिफेंस प्रोडक्शन और मिलिट्री ट्रेनिंग पर भी चर्चा हुई।



इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ईद-उल-फितर के मौके पर सऊदी अरब गए थे। वहां के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने उन्हें इफ्तार पार्टी का न्योता दिया था। पाकिस्तान में आर्थिक तंगहाली और राजनीतिक उठापटक के बीच सऊदी हमेशा से उसके साथ खड़ा रहा है।

द डिप्लोमैट की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल जुलाई में सऊदी ने पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर का लोन दिया था। 2020 तक पाकिस्तान को कर्ज देने वाले देशों में सऊदी पहले नंबर पर था। इस स्टोरी में जानिए की ऐसा क्यों है कि सऊदी पाकिस्तान के खराब आर्थिक और सुरक्षा हालातों के बावजूद उसकी मदद करता है। दोनों के रिश्तों का इतिहास क्या है..

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने कार्यकाल में 32 विदेश दौरे किए थे।

इनमें से 8 विदेश यात्राएं सऊदी अरब की थीं। 2021 में इमरान की सरकार गिरने के बाद प्रधानमंत्री बने शाहबाज शरीफ भी अपने पहले विदेश दौरे पर सऊदी ही गए थे।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों का पहले विदेश दौरे पर सऊदी जाना आम बात है। इसकी प्रमुख वजह पाकिस्तान को सऊदी से मिलने वाला पैसा है। सऊदी अरब अपनी अर्थव्यवस्था की तेल पर निर्भरता को कम करना चाहता है। ऐसे में वो ट्रेड के लिए नए पार्टनर ढूंढ रहा है। भारत भी उनमें से एक है। हालांकि, वो पाकिस्तान को बहुत ज्यादा खफा नहीं कर सकता है। इसकी एक बड़ी वजह ईरान है।

1979 में इस्लामिक क्रांति के बाद ईरान में शिया धर्मगुरुओं को सत्ता मिल गई। ईरान के शिया बहुल देश होने की वजह से सऊदी अरब इस क्रांति से बेहद डरा हुआ था। इसे काउंटर करने के लिए सऊदी अरब ने पाकिस्तान, भारत समेत सुन्नी मुस्लिम वाले देशों में पैसा भेजना शुरू किया।

इससे वहाबी मुस्लिम दुनिया भर के देशों में मजबूत हुआ और इस पूरे क्षेत्र में सूफी इस्लाम की मौजूदगी कम हुई। सालों से ईरान और सऊदी के बीच मिडिल ईस्ट में दबदबे की लड़ाई है। इसके लिए सऊदी पाकिस्तान को अपने खेमे में रखना चाहता है।

# कतर छोड़कर ओमान शिफ्ट होने की प्लानिंग कर रहा हमास

## सीजफायर का दबाव नहीं झेल पा रहा; कतर बिचौलिए की भूमिका से परेशान

दोहा। हमास के लीडर जल्द ही कतर से अपने ठिकाने को हटा सकते हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका लगातार कतर पर इजराइल-हमास के बीच सीजफायर संधि करवाने का प्रेशर बना रहा है, जो अब तक संभव नहीं हो पाया है।

अरब अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि हमास इस वक्त ओमान समेत 2 खाड़ी देशों से संपर्क में हैं।

दरअसल, हमास का मानना है कि इजराइल के साथ बंधकों की रिहाई पर डील होने में महीनों लग सकते हैं। ऐसे में वो कतर के साथ अपने संबंध खराब नहीं करना चाहता है।



### 12 सालों से कतर में रह रहे हमास नेता

हमास के नेता साल 2012 से कतर में रह रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी प्रेशर की वजह से पिछले कुछ समय में कतर और मिस्र ने हमास पर सीजफायर डील को लेकर अपनी शर्तें आसान करने का दबाव बनाया है। ऐसा न करने पर हमास को देश से निकालने की धमकी भी दी है। इससे पहले 17 अप्रैल को कतर ने कहा था कि वो इजराइल-हमास के बीच बिचोलिया की भूमिका पर दोबारा विचार कर रहा है। कतर के प्रधानमंत्री जासिम अल-थानी ने दोहा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था, मध्यस्थता कराने में कतर की भूमिका का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। कई देश अपने चुनाव कैंपेन के लिए कतर के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। हम दोनों पक्षों में समझौते के लिए एक हद तक की अपना योगदान दे सकते हैं। इसके बाद फैसला उन्हीं को करना होगा।

# पाकिस्तान में 84 प्रतिशत लोग कर भुगतान के समर्थन में, 11 प्रतिशत हैं खिलाफ : सर्वेक्षण

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में 84 फीसदी लोग करों का भुगतान आवश्यक मानते हैं और कर चोरी के खिलाफ हैं जबकि 11 प्रतिशत इसके खिलाफ हैं। गैलप पाकिस्तान सर्वेक्षण के जरिए यह तथ्य सामने आया है। गत 29 फरवरी से 15 मार्च के बीच हुए सर्वेक्षण में देश के करीब 1,000 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। सर्वेक्षण में शामिल 84 प्रतिशत पाकिस्तानियों ने कर भुगतान का समर्थन किया और कर चोरी को गलत बताते हुए कहा कि कर चोरी से देश की अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। दूसरी तरफ 11 प्रतिशत लोग कर भुगतान के खिलाफ थे और अपने निर्णय के समर्थन में अलग-अलग कारण बताए।

# शार्ट न्यूज

## मनु भाकर का दमदार प्रदर्शन

नई दिल्ली। ओलंपियन और महिला पिस्टल शूटर मनु भाकर ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल टी1 (ओएसटी टी1) प्राप्त करने के लिए, विश्व रिकॉर्ड से छह अंक अधिक अंक हासिल करते हुए चार प्रतिद्वंदी महिलाओं को शनिवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में धूल चटा दी। बाद में अनीश भानवाला ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) ओएसटी टी1 में अपेक्षित विनियमन जीत हासिल की। आज के दिन राइफल और पिस्टल पेरिस ओलंपिक ट्रायल 1 और 2 के पहले विजेताओं की पहचान हुई। डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 1 और 2 राइफल/पिस्टल के पहले दिन प्रतियोगिता के अंत में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में मनु शीर्ष पर रहीं, जबकि भावेश शेखावत ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया। महिलाओं के फाइनल में मनु ने पूरी तरह से अपने क्लास का परिचय दिया, पांच रैपिड-फायर शॉट्स की 10 श्रृंखलाओं में उनका स्कोर 4,4,5,5,5,5,4,5,5 और 5 था। जब ईशा 23 के स्कोर के साथ सातवीं श्रृंखला में बाहर होने वाली पहली महिला थीं, तब मनु पहले से ही 32 के स्कोर पर थीं, रिदम और अभिदन्या से छह आगे, जो उस समय बराबरी पर थे। क्वालीफाइंग में 585 अंक बटोरने की वजह से ईशा सिंह हालांकि इसके अंत में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओएसटी का नेतृत्व करेंगी।

## आहिदा सिंह का स्वर्णिम पदार्पण

बेंगलुरु। प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन करते हुए, 13 वर्षीय आहिदा सिंह ने यहां एआईटीए चैंपियनशिप सीरीज-7 (सीएस-7) अंडर-18 टेनिस चैंपियनशिप में पहला अंडर-18 खिताब जीता। ट्रांसफ़ॉर्म टेनिस अकादमी में क्वालीफायर के रूप में अंडर-18 वर्ग में पदार्पण करते हुए, बेंगलुरु की युवा प्रतिभा ने पूरे टूर्नामेंट में पुराने और उच्च रैंक वाले विरोधियों को हराकर कई लोगों को चौंका दिया। क्लेरेंस पब्लिक स्कूल में आठवीं कक्षा की छात्रा आहिदा ने पूरी प्रतियोगिता में सिर्फ एक सेट गंवाया और अपने सभी सात मैच जीते। खिताब तक पहुंचने से पहले उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त माधवी मिश्रा को हराया। फाइनल में, उन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त धरणी धान्यता श्रीनिवास को 6-0, 6-3 के स्कोर से हराकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। अपनी जीत के बारे में बात करते हुए आहिदा ने कहा, मेरा खेल अच्छा चल रहा है। जब मैंने टूर्नामेंट में प्रवेश किया तो मैंने परिणामों के बारे में नहीं सोचा था। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय बीएस चन्द्रशेखर के नेतृत्व में टेनिस अकादमी फॉर लर्निंग में अपने प्रशिक्षण को भी दिया। युवा चैंपियन ने कहा, इस जीत ने मुझे अपने भविष्य के आयोजनों में खेलने के लिए बहुत आत्मविश्वास दिया है। इस बीच लड़कों के अंडर-18 वर्ग में करण थापा फाइनल में यश पंचाक्षरी को 6-1, 6-3 के स्कोर से हराकर विजयी हुए।

## पंजाब किंग्स अहम मुकाबले में गुजरात टाइटंस से भिड़ने को तैयार

**मुल्लांपुर।** टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में पंजाब किंग्स रविवार को यहां गुजरात टाइटन्स के खिलाफ एक महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए तैयार है। सीज़न की चुनौतीपूर्ण शुरुआत के बावजूद, पंजाब किंग्स ने मैदान पर आशाजनक प्रदर्शन दिखाया है जो अक्सर अंतिम परिणामों पर भारी पड़ता है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने हालिया मैच में पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन किया था हालांकि नजदीकी मुकाबले में उसे हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में हर्षल पटेल ने 31 रन पर तीन विकेट लिये थे जबकि कुरेन के दो विकेट आकर्षण को केंद्र बने थे। पंजाब की बल्लेबाजी पारी की शुरुआत ख़राब रही और टीम ने केवल 14 रन पर चार विकेट खो दिए। शुरुआती पतन के बीच, शशांक सिंह की 25 गेंदों पर 41 रनों की विस्फोटक पारी और आशुतोष शर्मा की 28 गेंदों पर 61 रनों की तूफानी पारी ने लक्ष्य का पीछा करने में गति प्रदान की। उनके प्रयासों के बावजूद, किंग्स अंतिम ओवर में चूक गए, जिसके परिणामस्वरूप करीबी हार हुई। गुजरात टाइटंस के खिलाफ आगामी मुकाबले को देखते हुए, किंग्स अपने विरोधियों द्वारा पेश की जाने वाली चुनौतियों से अवगत हैं।

## रुतुराज गायकवाड़ और केएल राहुल पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

लखनऊ। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के कप्तान केएल राहुल पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 34वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ और चेन्नई के बीच शुक्रवार रात यहां इकाना क्रिकेट स्टेडियम मैच खेला गया था। शनिवार को आईपीएल मीडिया एडवाइजरी में कहा गया कि न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीज़न का पहला अपराध था। गायकवाड़ पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह एलएसजी के कप्तान केएल राहुल पर जुर्माने का एलान करते हुये मीडिया एडवाइजरी में कहा गया कि न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीज़न का पहला अपराध था, इसलिए राहुल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## धोनी को बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने की जरुरत

लखनऊ। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायल लारा का मानना है कि 42 साल की उम्र में महेन्द्र सिंह धोनी जिस अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे हैं, उसको देखते हुये टीम प्रबंधन को उन्हे ऊपर क्रम में भेजने पर विचार करना चाहिये। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ शुक्रवार को खेले गये आईपीएल मुकाबले में धोनी की बल्लेबाजी का जिक्र करते हुये उन्होने कहा वह लाजवाब खिलाड़ी है जो मौजूदा सत्र में असाधारण प्रदर्शन कर रहा है। वह सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आते हैं और पांच या दस गेंदों का सामना कर विरोधी गेंदबाजों को दवाब में लाने में सफल रहते हैं। यह बहुत शानदार है। उनसे सवाल पूछना होगा कि क्या आप ऊपर बैटिंग करना चाहेंगे, क्योंकि मैं देख सकता हूं कि वह बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। चेन्नई की हार के कुछ कारण भी हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि इस पर विचार होना चाहिए। उन्होने कहा धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार गेंदो में 20 रन ठोक कर टीम के स्कोर को 200 से ऊपर पहुंचाया। अच्छा होता कि उन्हे कुछ और ओवर खेलने को मिलें। उन्हें हर समय इसके बारे में सोचने की जरूरत है।

## टी20 महिला विश्व कप से युवाओं के लिये चयन के दरवाजे खुले : नाइट

लंदन। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट की चाहत है कि साल के अंत में बांग्लादेश में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 से पहले इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बल पर टीम में चयन के लिये आगे आयें। नाइट ने घरेलू खिलाड़ियों को टी20 विश्वकप के लिये अपना नाम दावेदारी में रखने के अवसरों का संकेत दिया है। इंग्लिश समर की शुरुआत 21 अप्रैल को 50 ओवर की राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी के साथ होगी, जिससे घरेलू खिलाड़ियों को टी20 विश्व कप टीम की योजनाओं में खुद को शामिल करने का मौका मिलेगा। ईसीबी की राष्ट्रीय टेप-बॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बोलते हुए नाइट ने कहा, अगर युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तो उनके लिये चयन के दरवाजे कभी बंद नहीं होंगे। पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्रीय खेलों का स्तर काफी नीचे चला गया है, इसलिए उनका प्रदर्शन अधिक मायने रखता है। यह वास्तव में रोमांचक समय है, और जाहिर है, हमें टीम में भी बड़ी प्रतिस्पर्धा मिली है। गौरतलब है कि इंग्लैंड ने मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी बेंच स्ट्रेंथ का इस्तेमाल किया और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में बड़े नाम न होने के बावजूद विजयी (4-1) बनकर उभरी।

## 'बंद हो सकती है कि इजरायल-हमास संघर्ष विराम वार्ता'

यरूशलम। इजरायल और हमास कतर में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के समझौते पर बातचीत बंद कर कर सकते हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने शनिवार को मामले से परिचित एक अज्ञात अरब अधिकारी का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इससे पहले एनबीसी न्यूज ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में अरब के एक वरिष्ठ राजनयिक का हवाला देते हुए बताया था कि इजरायल-हमास संघर्ष विराम वार्ता लगभग रुकी हुई है। हमास के राजनीतिक ब्यूरो सदस हुसम बद्रान ने रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतिक को गुरुवार को बताया था कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामीन नेतन्याहू संघर्ष को रोकना नहीं चाहते हैं। अखबार ने बताया कि हमास का राजनीतिक ब्यूरो अपने मुख्यालय को कतर से दूसरे अरब देश में स्थानांतरित करने पर विचार कर रहा है, जिससे मौजूदा इजरायल-हमास वार्ता बाधित होने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार हमास पहले ही अपने राजनीतिक मुख्यालय की मेजबानी के लिए ओमान सहित कम से कम दो वैकल्पिक देशों की ओर रुख कर चुका है। उल्लेखनीय है कि सात अप्रैल को मिस्र की राजधानी काहिरा में इजरायल-हमास वार्ता का एक नया दौर शुरू हुआ। वार्ता में किए गए युद्धविराम प्रस्ताव में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों द्वारा अपनाई गई तीन-चरणीय योजना के एक भाग के रूप में 900 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 40 इजरायली बंधकों की रिहाई का प्रावधान किया गया है।

## पाकिस्तानी सुरक्षा गार्ड ताहा को मिली ऑस्ट्रेलिया में स्थानी निवास की अनुमति

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शॉपिंग सेंटर में चाकूबाजी की घटना में हस्तक्षेप करने की कोशिश में घायल हुये एक पाकिस्तानी सुरक्षा गार्ड मुहम्मद ताहा को ऑस्ट्रेलिया में स्थायी निवास की अनुमति मिल गयी है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने शुक्रवार को कहा कि ताहा को हमले के दौरान उनके असाधारण साहस की मान्यता के तौर पर स्थायी रूप से ऑस्ट्रेलिया में रहने की अनुमति दी जायेगी, जिसमें अपराधी जोएल कॉची सहित सात लोग मारे गये थे। उल्लेखनीय है कि ताहा और उसका सहयोगी साथी पाकिस्तानी फराज ताहिर सिडनी के वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन शॉपिंग सेंटर में सुरक्षा गार्ड के तौर पर तैनात थे। इस मॉल में काउची ने 13 अप्रैल को चाकू से खरीदारों पर हमला कर दिया था। दोनों गार्डों ने जनता की रक्षा करने के लिए हस्तक्षेप किया और दोनों को चाकू मार दिया गया। ताहिर की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और श्री ताहा घायल हो गए थे। अल्बानीज ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ताहा अच्छे चरित्र का व्यक्ति है। ऑस्ट्रेलिया के स्थायी निवासी ऑस्ट्रेलिया में अनिश्चित काल तक रहने, काम करने और अध्ययन करने, देश की सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल योजना, चिकित्सा देखभाल योजना में नामांकन करने और चार साल के बाद नागरिकता के लिये आवेदन करने के हकदार हैं।

## मस्क ने रद्द किया भारत का दौरा

वाशिंगटन। प्रसिद्ध उद्योगपति एवं टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने अपनी बहुप्रतीक्षित भारत यात्रा स्थगित कर दी है। मस्क भारत दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले थे और दक्षिण एशियाई बाज़ारमें कंपनी के प्रवेश की योजना का खुलासा करना था। श्री मस्क ने टेस्ला के दायित्वों का हवाला देते हुए 22 अप्रैल को निर्धारित अपने भारत दौरे को रद्द कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुक्रवार देर रात इस बात की जानकारी दी। मस्क का भारत दौरे को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा था, क्योंकि उनसे भारत में दो से तीन अरब डॉलर के निवेश करने की घोषणा करने की उम्मीदें थीं, जिसका मुख्य उद्देश्य देश के भीतर टेस्ला फैक्ट्री स्थापित करना था। इस निवेश योजना को भारत सरकार की हालिया नीतिगत पहलों से और बढ़ावा मिला, जिसके जरिए आयातित वाहनों पर शुल्क कम करके स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहित किया गया था। भारत में आम चुनाव शुरू होने के ठीक दो दिन बाद मस्क के नियोजित भारत दौरे को इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा था क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की भविष्यवाणी के साथ मस्क की उपस्थिति से विदेशी निवेश को आकर्षित करने और सतत विकास को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों को रेखांकित करने की उम्मीद थी।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# राजपूत समाज ने बीजेपी प्रत्याशी को दिया समर्थन, मत प्रतिशत बढ़ाने का किया आह्वान





आज राजपूत समाज एवं नोएडा आरडब्लूए फोनरवा के पदाधिकारियों के वरिष्ठ जनों ने भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा से आत्मीय भेंट कर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कमल खिलाने हेतु एवं मतदान प्रतिशत को और भी बढाने के लिए विस्तृत चर्चा की और राजपूत समाज के वरिष्ठ जनों ने अपना पूर्ण समर्थन देकर भाजपा को जीताने की अपील की और भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा को अपना पूर्ण समर्थन दिया और कहा कि अबकी बार 400 पार के नारे को साकार करेंगे और भारी मतों से विजय श्री दिलायेगें और फेडरेशन की तरफ से भी यही कहा गया। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ने आभार प्रकट किया।

इस बैठक के दौरान श्री मान सिंह चौहान, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एमिटी ग्रुप के डायरेक्टर श्री आनंद चौहान जी, डॉ. वी.एस. चौहान जी, पूर्व मंत्री श्री मदन चौहान जी, श्री एनपी सिंह जी, श्री प्रताप चौहान जी, पूर्व प्रत्याशी श्री अशोक चौहान, जुगराज सिंह चौहान, करतार चौहान जी, रोहतास चौहान जी, श्री महेश चौहान जी, श्री सुंदर राणा जी, श्री सीपी सिंह, कुलदीप परमार सिंह, धीर सिंह, नीरज चौहान,हर्षवर्धन सिंह भदौरिया, ठा. कृपाल सिंह, एन पी सिंह, एसपी सिंह, सुधीर चौहान, ब्रहमपाल चौहान, बाबूराम चौहान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सतीश चौहान, मास्टर राजेन्द्र चौहान, धर्मेंद्र चौहान, संजय चौहान, अशोक भगत जी, मास्टर ब्रह्म सिंह, शरद चौहान, विधायक प्रतिनिधि राकेश राघव, प्रेम सिंह चौहान, रवि प्रधान, ठा. श्याम सिंह, मास्टर धीर सिंह, भंवर सिंह ठाकुर समाज के काफी संख्या में लोग उपर्सित रहें। फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, के.के. जैन, विजय भाटी, सुशील यादव, पवन यादव, राजेष सिंह, देवेंद्र चौहान, धीरेन्द्र चौहान, लाट साहब लोहिया के साथ नोएडा के समस्त आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एवं महासचिव सहित काफी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहें।

उसके उपरांत जनसंपर्क अभियान के तहत अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सिकंदराबाद विधानसभा स्थित ग्राम आसफाबाद, चन्दपुरा, बराल एवं औरंगाबाद अहीर के प्रिय निवासियों से मुलाकात कर पुनः गौतमबुद्ध नगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में दिनांक 26.04.2024 को भारी मतों से कमल खिलाने की अपील की। अपने संबोधन के दौरान भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में इतिहास लिखा जायेगा कि इस क्षेत्र के प्रमुख भी आपके, विधायक भी आपके, चेयरमैन भी आपके, सांसद भी आपके, मुख्यमंत्री भी आपके और प्रधानमंत्री भी आपके हैं। आने वाले समय में इस क्षेत्र के विकास को हमसब मिलकर और भी ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य करेंगे और मैं आप सबके बीच में ये विश्वास दिलाता हूँ कि आपका दिया हुआ प्यार और विश्वास को चार गुना करके वापस लौटाउंगा।

इस जनसंपर्क अभियान के दौरान माननीय सिकंदराबाद विधायक श्री लक्ष्मी राज सिंह जी, मदन कुमार सिंह, राहुल दीक्षित जी एवं पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# भाजपा का पहला शो फ्लॉप : अखिलेश

मेरठ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का पहला शो फ्लॉप हो गया है।

समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुनीता वर्मा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि मेरठ की धरती क्रान्तिकारी है। मेरठ ने देश को अंग्रेजों से आजादी दिलायी थी। अब मेरठ की जनता भाजपा के दस साल के कुशासन से आजादी दिलायेगी। भाजपा ने किसानों को धोखा दिया। तीन काले कानून लाकर किसानों के खिलाफ कानून बनाया था। किसानों ने भाजपा सरकार के काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन किया। हजारों किसान शहीद हुए। किसान पीछे नहीं हटे। भाजपा सरकार काले कानून वापस लेने पर मजबूर हुई।

श्री यादव ने कहा कि किसान सरकार से फसलों के एमएसपी की गारन्टी चाहता था। भाजपा सरकार ने किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया। किसानों को अपमानित किया। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों को फसलों की एमएसपी का अधिकार दिया जाएगा। भाजपा सरकार ने किसानों के साथ नौजवानों के साथ धोखा किया। नौकरियां नहीं दी। सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो गए। भाजपा सरकार ने जानबूझकर पेपर लीक कराया जिससे कि नौकरी और आरक्षण न देना पड़े।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा हर मुद्दे पर फेल हो गई है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा ने हर वर्ग से वादाखिलाफी की है। पहले जुमलेबाजी करते थे, अब गारन्टी के नाम पर छलना चाहते है।

उन्होने कहा कि यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। जनता को भाजपा की गारन्टी नहीं बाबा साहब के संविधान में मिले अधिकार की गारन्टी चाहिए। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने जनता को संविधान दिया है वह सबसे बड़ी गारन्टी है। संविधान से ही जनता को अधिकार और आरक्षण मिला है। सभी को सम्मान मिलता है। वोट देने का अधिकार और सरकार बनाने का अधिकार मिलता है। भाजपा बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती है। सभी लोगों को एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ वोट करके बाबा साहब अम्बेडकर के बनाये संविधान को बचाना है।

## शार्ट न्यूज

### 'लेटर फ्रॉम सुरेश' के साथ एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी



मुंबई (अनिल बेदाग)। राजकुमार हिरानी बॉलीवुड इंडस्ट्री में मौजूद सबसे पसंदीदा डायरेक्टर्स में से एक हैं, जिनकी फिल्में दर्शकों के दिलों में जगह बना लेती हैं। उनकी फिल्में देखकर दिल खुश हो जाता है। राजकुमार हिरानी में इंडस्ट्री में अपनी गलत जगह बनाई है पर अब उनके बेटे वीर हिरानी का वक्त आ गया है कि वह एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपना डेब्यू करें। जी हां! उनके बेटे वीर थिएटर के दिग्गज फिरोज अब्बास खान द्वारा डायरेक्ट की गई लेटर फ्रॉम सुरेश के साथ एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। वीर हिरानी तैयार हैं, लेटर फ्रॉम सुरेश के साथ इंटरटेनमेंट की दुनिया में कदम रखने के लिए, जिसे थिएटर के दुनिया के दिग्गज कहे जाने वाले डायरेक्टर फिरोज अब्बास खान द्वारा डायरेक्ट किया गया है। ये कहानी बेहद खूबसूरत है, क्योंकि यह किरदारों के जरिए इंसानी रिश्तों की एक भयानक लेकिन आकर्षक दास्तान को बयां करती है। इंडिया में पहली बार प्रेजेंट की जाने वाली राजीव जोसेफ की लेटर फ्रॉम सुरेश एक अनोखा ड्रामा है, जो चार अनोखे किरदारों की कहानी कहती है, जो प्यार, नुकसान, कोमलता के साथ इंसानी रिश्तों की तड़प से बंधे हुए हैं।

### हाईस्कूल में 159 बच्चे और इंटर में 408 बच्चे टॉप टेन में शामिल

प्रयागराज। एशिया की सबसे बडी परीक्षा कराने वाली संस्था माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) में हाईस्कूल की परीक्षा में सीतापुर के सीता बालिका वीएमआईसी महमूदाबाद स्कूल की प्राची निगम ने 600 में 591 सर्वोच्च अंक अर्जित कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि एसएसआईसी मुस्तफापुर हुसैनगंज जिला फतेहपुर स्कूल की दीपिका सोनकर ने 590 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सीता बालिक वीएमआईसी महमूदाबाद सीतापुर की नाव्या सिंह,बाबू राम साबित्री देवी शेखपुर की स्वाति सिंह, सरस्वती ज्ञान मंदिर भगवापुरा जालौन की दीपांशी सिंह सेंगर और बाबूराम सावित्री देवी आईसी शेखपुर बिलौली बजरा पहला सीतापुर ने क्रमश- 588 अंक अर्जित कर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा पांच छात्रों ने 587 अंक हासिल कर चौथा, छह परीक्षार्थियों ने 586 अंक हासिल कर पांचवा, सात परीक्षार्थियों ने 585 अंक हासिल कर छठवां, 22 छात्रों ने 584 अंक हासिल कर सातवां, 30 परीक्षार्थियों ने 583 अंक हासिल कर आठवां, 38 परीक्षार्थियों ने 582अंक हासिल कर नौवां और 45 परीक्षार्थियों ने 581 अंक हासिल कर प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में सीता बाल वीएमआईसी महमूदाबाद सीतापुर के शुभम वर्मा ने 500 में सर्वोच्च 489 अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है।

### आग लगने से जली दर्जन भर झोडियां

संतकबीरनगर । उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के मेंहदावल थाना क्षेत्र में अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण 12 रिहायशी झोपड़ियां जल गईं। मेंहदावल थानाक्षेत्र में ग्राम पंचायत कुड़वा के राजस्व गांव रौना में लगी इस आग में रिहायशी झोपडियों के साथ भीतर रखा सारा सामान भी जलकर राख हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बावजूद समय से न पहुंचने से सारा सामान जलकर राख हो गया। समाचार लिखे जाने तक राजस्व विभाग का कोई कर्मचारी क्षतिपूर्ति का आकलन करने नहीं पहुंचा था जिससे ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन के विरुद्ध नाराजगी जताई। ग्राम प्रधान रामराज मौर्य ने फायर ब्रिगेड व तहसील प्रशासन पर गंभीर आरोप मढ़कर कार्रवाई करने की मांग की है। एसडीएम मेंहदावल अरुण कुमार ने यहां बताया कि शनिवार की अपराह्न मेंहदावल थाना क्षेत्र के रौना गांव के समीप सिवान के डंठलों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की चिंगारी एक झोपड़ी में पहुंचते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग धीरे-धीरे पूरे गांव में फैलती चली गई। आग लगने से भरत, राधिका, चांदमाती, किस्मती, जिलेबा, श्रीराम, ओंकार, सुमित्रा, शारदा, सोनमती, इनामुल समेत 12 से अधिक लोगों के छप्परपोश रिहायशी मकान जलने की सूचना है। अग्निकांड से क्षति का आकलन कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान रामराज मौर्य ने बताया कि जब गांव में आग लगी थी फायर ब्रिगेड को लगातार सूचना देने के बावजूद वह समय से नहीं पहुंची, जिसका नतीजा रहा कि गांव में करीब एक दर्जन से अधिक गरीबों के मकान जलकर राख हो गए। भारी संख्या में रखा अनाज, कपड़ा, चावल, गेहूं आदि जलकर खाक हो गया।

# दिल जीत रहा है रश्मि देसाई का बेदाग एथनिक अवतार



मुंबई (अनिल बेदाग)। रश्मि देसाई देश की सबसे आकर्षक और मनमोहक दिवाओं में से एक हैं और मनोरंजन के क्षेत्र में उन्होंने जिस तरह का सफर तय किया है, उसे देखते हुए कोई भी उनकी प्रशंसा और सम्मान किए बिना नहीं रह सकता। फैशन और स्वैग वास्तव में उसके डीएनए में चलता है और यही कारण है कि दिवा को अपनी सनक और पसंद के अनुसार किसी भी चीज और हर चीज में दिल को छू लेने और छुरा घोंपने का असीमित आत्मविश्वास मिला है। जहां पूरे साल नेटिज़न्स को रश्मि को कुछ गंभीर पश्चिमी फैशन लक्ष्यों के साथ जलते हुए देखने को मिलता है, वहीं ईद के शुभ अवसर पर, उसने अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली सुंदरता से सभी को घुटनों के बल झुकने पर मजबूर कर दिया। हाँ यह सही है। ईद के मौके पर रश्मि को स्टाइलिश सिल्वर शरारा सूट में अपने एलीमेंट और अपने बेहतरीन एथनिक स्वैग में देखा गया था। उन्होंने कुछ विशेष अनुकूलित आभूषणों के साथ अपने लुक को पूरी तरह से निखारा और उनके संपूर्ण लुक को देखकर, हमें वास्तव में लगता है कि रॉयल्टी ने क्लास और लालित्य के साथ विलासिता का स्वागत किया है।

सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने के तुरंत बाद, रश्मि का टिप्पणी अनुभाग सराहना और प्रशंसा से भर गया। हमें रत्ती भर भी आश्चर्य नहीं हुआ। क्या आप इसे जांचना और देखना चाहते हैं? वर्कफ्रंट की बात करें तो, रश्मि देसाई आगे चलकर अपने बॉलीवुड करियर में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं, जिसकी शुरुआत जल्द ही जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) से होने वाली है।

# प्रजापत समाज के लोगो ने जताई भारी नाराजगी

## 26 तारीख को मुख्यमंत्री का होगा विरोध

**ललित कुमार गोठवाल**





शहर की रहनिया कॉलोनी में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें झज्जर के आस पास के प्रजापत समाज के लोग शामिल हुए और सभी ने अपने अपने विचार प्रकट किए।वही इस बैठक के प्रधान रामफल प्रजापत की मौजूदगी में लोगो ने अपने समाज के इस चौक को लेकर होने वाली इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।वार्ड मेंबर नरेश प्रजापत नेअपने विचार रखते हुए कहा कि इस चौक का नामकरण काफी समय से हो रहा है लेकिन इसपर आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है नगरपालिका के चेयरमैन जिले सिंह सैनी के द्वारा इस चौक पर भूमि पूजन का भी काम हुआ उसमे भी शामिल हुए लेकिन समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है। शिव कुमार रंगीला ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि इस चौक पर भूमि पूजन हुआ और जो नामकरण का विचार किया गया यह सब दिखावा है और आप सभी को बरगलाया जा रहा है आप लोगो के वोटो का इस्तमाल कर के आप के हकों को छीना जा रहा है दक्ष प्रजापति चौक प्रजापत समाज का है और इसको हम लेकर रहेंगे इसके लिए हमे कोई भी कुर्बानी देनी पड़ जाए।

वही प्रधान रामफल ने कहा की काफी लंबे समय से इस चौक को नहीं बनने दिया जा रहा है और नगर परिषद के चेयरमैन और पीडब्ल्यूडी की तरफ से मंजूरी हो गई है लेकिन इस चौक पर दो बोर्ड लगने का क्या ओचित्य बनता है इस चौक पर भूमि पूजन तक हो गया प्रसाद वितरण भी कर दिया गया फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है आज इस बैठक में बड़ा फैसला लिया गया है अगर 24अप्रैल तक कोई कार्रवाई नहीं होती है तो मुख्यमंत्री 26अप्रैल को झज्जर आ रहे है उनको काले झंडे दिखाएंगे और उनका विरोध किया जाएगा।

इस बैठक में झज्जर प्रधान रामपल प्रजापति, पार्षद नरेश बेडवाल,डॉक्टर परवीन, शिवकुमार रंगीला,रोहतक से सतीश प्रजापति प्रधान, रोहतक से राजकुमार, गांव दानपुर से डांस आंनद, मनजीत नाहाली कृष्ण डिंगल,गुड़गांव से राममेहर बारावाल प्रजापत प्रधान, फरुखनगर बादली से मुनेश प्रजापति, डीघल से लाडु, राजेश दुजाना, एडवोकेट खुशी लाल, सुरेन्द्र डाबोडिया,गुलाब बेड़वाल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, द्वारका विधि विभाग द्वारा

# 'श्री ओपी टंडन मेमोरियल द्वितीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता' का हुआ आयोजन



ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (टिप्स) द्वारका में 18 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2024 श्री ओपी टंडन मेमोरियल द्वितीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। जिसमें देश भर के 19 से अधिक कॉलेजों के प्रतिभागियों ने प्रतियोगताओं में जोश के साथ भाग लिया गया।

तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत प्रथम दिन रेसेअर्चेर टेस्ट के साथ हुई, जिसमें प्रतियोगिता के लिए माहौल तैयार किया। प्रतिभागियों ने कानूनी अनुसंधान और विश्लेषण में अपनी निपुणता प्रदर्शित की और अगले दौर के लिए आधार तैयार किया।, दूसरे दिन, प्रारंभिक और क्वार्टर-फ़ाइनल राउंड सामने आए, जिससे प्रतिस्पर्धा तेज़ हो गई क्योंकि प्रतिभागियों ने अगले चरण में एक प्रतिष्ठित स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा की। अदालत कक्ष तर्कों, आपत्तियों और प्रतिवादों से गूंज उठा, जिसने दर्शकों और न्यायाधीशों को समान रूप से मंत्रमुग्ध कर दिया।,तीसरे दिन गति बढ़ गई क्योंकि सेमीफाइनल दौर में सम्मोहक कानूनी दलीलें और शानदार प्रस्तुतियाँ सामने आईं। प्रतिभागियों ने कानूनी तर्क और वकालत में अपने कौशल का प्रदर्शन किया और न्यायाधीशों के सम्मानित पैनल को प्रभावित किया।

कार्यक्रम के अंत में परिणाम दिल्ली सहकारी न्यायाधिकरण के अध्यक्ष, प्रतिष्ठित नरोत्तम कौशल के द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागियों के द्वारा असाधारण वकालत कौशल और कानूनी ज्ञान का प्रदर्शन किया, जिससे अंतिम विचार-विमर्श सम्मानित पैनल के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया।

ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (टिप्स) में दूसरी मूट कोर्ट प्रतियोगिता की रोमांचक यात्रा का समापन हो गया, जिसका समापन प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों और कानूनी दिग्गजों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति देखी गई। माननीय श्री नरोत्तम कौशल- दिल्ली सहकारी न्यायाधिकरण के अध्यक्ष और तीस हजारी में पूर्व प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश, जिनके कानूनी क्षेत्र में अनुभव ने कार्यवाही को और अधिक रोचक बना दिया।

# बरेली लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी का नामांकन पत्र रदद्

बरेली। उत्तर प्रदेश में बरेली लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी ( बसपा) प्रत्याशी का पर्चा जांच के बाद खारिज कर दिया गया है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन पत्रों की जांच की गई तब पाया गया कि बरेली लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी छोटेलाल गंगवार ने फार्म अधूरा भरा था। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बरेली लोकसभा क्षेत्र से 28 लोगों ने नामांकन कराया था। जांच में 14 नामांकन पत्र अधूरे पाए गए जिनको रद्द कर दिया गया है। अब कल 14 प्रत्याशी मैदान में है। नामांकन पत्र खारिज होने में बसपा प्रत्याशी छोटे लाल गंगवार भी शामिल है। आंवला लोकसभा क्षेत्र में कुल 20 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। शनिवार सुबह 11: 00 बजे से नामांकन पत्रों की जांच शुरू हुई।

# मतदाता लोकतंत्र की सबसे अहम कड़ी : कैप्टन शक्ति सिंह

## पात्र व्यक्ति 26 अप्रैल तक बनवा सकते हैं वोट : बोले निर्वाचन अधिकारी

**ललित कुमार गोठवाल**



झज्जर। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे अहम कड़ी मतदाता हैं, इसलिए अभी भी यदि किसी नागरिक का वोटर कार्ड नहीं बना है तो वे तुरंत अपना वोटर कार्ड बनवा लें ताकि चुनावों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिक 26 अप्रैल, 2024 तक अपना वोट बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्ति संबंधित बी.एल.ओ, निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के पास फॉर्म-6 भरकर वोट बनवा सकते हैं। यह फॉर्म मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है, जो डाउनलोड किए जा सकते हैं। वोट बनवाने के लिए दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, अपने निवास और आयु प्रमाण पत्र के साथ ऑफलाइन या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वोट बनवाने से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर-1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

### मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर ही किया जा सकेगा मताधिकार का प्रयोग

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी अपना वोट डाल सकता है। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता के पास पुराना एपिक कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।

### एपिक कार्ड के अलावा अन्य दस्तावेज दिखाकर भी डाल सकते हैं वोट

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि एपिक कार्ड के अलावा मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं।

इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसदों, विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और आधार कार्ड शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सीईओ हरियाणा की वैबसाइट पर नागरिक अपने वोट की जानकारी त्वरित गति व आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इसकी सहायता से वोटर अपना एपिक नंबर डाल कर बड़ी आसानी से अपना वोट चैक कर सकते हैं।-

# बच्चों के अंदर की छिपी प्रतिभा को निखारना एवं बाहर निकलना है बड़ी चुनौती जिला अर्श काउंसलर संदीप

**ललित कुमार गोठवाल**



स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कबलाना में नेत्र जांच,फिजियोथैरेपी जांच एवं काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया केगया। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम मित्रता क्लीनिक जिला अर्श काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने बताया कि सिविल सर्जन डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह के मार्गदर्शन में उप सिविल सर्जन डॉक्टर मनोज कुमार सैनी के निर्देशानुसार डीआईईसी मैनेजर अंजू के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की ओर से नेत्र जांच एवं फिजियोथैरेपी जांच शिविर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कबलाना प्राचार्य अजय खोखर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया एवं साथ ही राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा काउंसलिंग एवं प्रतिभा निखार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल में नेत्र जांच राज्य कार्यालय के समन्वय मधु आई केयर सेंटर एवं आरबीएसके मोबाइल हेल्थ टीम डॉ रोबिन, आप्थाल्मिक अस्सिटेंट आकाश, आप्थाल्मिक अस्सिटेंट प्रिंस द्वारा नेत्र जांच की गई एवं जांच उपरांत बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुफ्त में चश्मा बनवाया जाएगा और उसके वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में फिजियोथेरेपिस्ट अरुण वर्मा द्वारा स्वस्थ रहने के लिए एवं हड्डी मजबूत बनाए रखना के लिए आवश्यक टिप्स दिए गए। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा मित्रता क्लीनिक जिला अर्श काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने उपस्थित बच्चों की काउंसलिंग की गई जिसमें कुछ बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी काउंसलिंग हो पाई तो कुछ बच्चों ने करियर से जुड़े सवालों पर विस्तृत बातचीत के जरिए जागरूक कर काउंसलिंग की गई एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा काउंसलिंग सेशन के साथ-साथ प्रतिभा मंथन करते हुए बच्चों का दिमाग बढ़ाने जैसी खेल एवं व्यायाम करवा प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें दो ग्रुप प्रथम और द्वितीय रहे दोनों ग्रुपों मैं चार बच्चे थे चारों बच्चों को किशोर जागरूकता सामग्री एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और कहा बच्चों में प्रतिभा निकालने में हमें आगे आना चाहिए और बच्चों के अंदर की छिपी प्रतिभा को निखारना एवं बाहर निकलना बहुत जरूरी है जोकि एक बड़ी चुनौती है इसलिए ऐसे सी कार्यक्रम समय-समय पर बच्चों के दिमाग को बढ़ाने एवं उनको स्वस्थ रखने के लिए करवाई जानी चाहिए।